जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, गुरुवार 7 सितम्बर, 2023

5% बढ़ा सेजस्थान

45% और बढ़ेगा सेजस्थान

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

1.5 गुना रिटर्न

बड़ी–बड़ी कोठी
बड़े–बड़े फ्लैट

POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप | साइज | अगस्त की रेट NPO (New Product Offer) | सितम्बर की रेट +5% | अक्टूबर की रेट +10% | नवम्बर की रेट +15% | दिसम्बर की रेट +20% | जनवरी की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800-120-2323
info@kedia.com www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

मानव का मानव होना ही उसकी जीत है, दानव होना हार है, और महामानव होना चमत्कार है। –डॉ. राधाकृष्णन

# कोचिंग प्रतियोगात्मक परीक्षाओं के लिए गम्भीर अध्ययन साधना या क्रूर व्यवसाय

प्रातः भ्रमण में, घुमक्कड़ को दो पुराने मित्र मिल गए। एक मित्र, निजी स्तर पर फीस चार्ज कर, विद्यार्थियों को कुछ विषय पढाते थे और गाइडेंस देते थे। इसके लिए उनकी अच्छी शोहरत थी। अब वे भी एक नाम चीन कोचिंग संस्था के साथ है।

चर्चा चल पडी, कोटा में नीट–, कोचिंग लेने वाले छात्रों द्वारा, हर महीने होने वाली 1, 2 आत्महत्याओं पर।

घुमक्कड़ नें उनसे पूछ लिया कि आत्म हत्याओं के लिए, कहीं न कहीं, क्या कोचिंग संस्थाएं जिम्मेदार नहीं? उनकी प्रतिक्रिया थी कि कोचिंग संस्थाएं नहीं, पेरेंट्स जिम्मेदार है। माँ–बाप चाहते है उनका बेटा–बेटी इंजीनियर, डॉक्टर बने ही बने। उनके लिए नॉट छापने वाली मशीन बने। जो सपने उन्होंने अपने लिए देखे और नहीं बन सके, उनकी यह तम्मन्ना होती है कि उनका अधूरा सपना उनके बेटे–बेटियां पूरा करे। 1,2,3,4 साल बच्चों के पीछे ही पड़े रहते है कि इंजिनियर/डॉक्टर तो बनना ही बनना है।

बात आगे बढ़ी, एक ओर सज्जन जुड गए। कहने लगे, ऐसी क्या कोचिंग कि 7/8 घण्टे की पढ़ाई संस्थान में, कम से कम 5, 7 घण्टे की पढ़ाई अकेले में होस्टल या पीजी के कमरे पर, हर रविवार को टेस्ट? बच्चों को सोचने–समझने, कुछ खेल कूद तथा मित्रों से (बमुश्किल से कोई हो तो) हल्की–फुल्की बातें कर तनाव दूर करने तक का समय नहीं देते।

कुछ ओर गम्भीर व्यक्ति जुड़ गए। बात चली कि हर बार जब भी ऐसे हादसे होते है, काफी कुछ अखबारों में लिखा जाता है, टीवी डिबेट्स भी चलती है, नेताओं के तो उलूल–जुलुल वक्तव्य–सुझाव आते ही आते हैं। फिर चुप्पी। कुछ अंतराल पर फिर कोई सुसाइड मामला सामने आ जाता है। यह सिलसिला रुकता क्यों नहीं? अभी कोटा में एक ही दिन में जो दो आत्महत्याएं हुई उसके बाद भी हिंदी, अंग्रेजी अखबारों में बहुत कुछ लिखा गया। पेरेंट्स के, साथी छात्रों के विचार भी आए।

इस प्रात:कालीन अनौपचारिक संगोष्टि में भी सुझाव आने लगे---(1) जिन छात्र–छात्राओं के बोर्ड की 10वी, 12वीं परीक्षा में 60 प्रतिशत से कम अंक हों, उन्हें कोचिंग संस्थान प्रवेश न दें। इस से कम अंकों वाले छात्र–छात्राएं, ज्यादा अच्छा परफॉर्म करने वालों के साथ अनावश्यक कम्पीटिशन और तनाव से बचेंगे।

(2) कोचिंग संस्थानों को स्वयं भी, अनिवार्यत:, एंट्रेंस टेस्ट आयोजित कर ही, एक निश्चित योग्यता से ऊपर वाले विद्यार्थियों को ही एडमिशन देना चाहिए। उनके संस्थान से पिछली नीट/परीक्षाओं में 12वीं बोर्ड परीक्षा के जिस परसेंटेज पर अंतिम छत्र का चयन हुआ, वह परसेंटेज अथवा अधिक से अधिक 5 प्रतिशत कम की कटऑफ नए प्रवेश के लिए रखी जाए। इस से कम अंकों वालों को प्रवेश न दिया जाए। इस से, बहुत से बच्चे तनावयुक्त अनावश्यक अंधी प्रतियोग्यता से बचेंगे।

(3) यह भी बात सामने आती है कि जितने छात्र–छात्राएं कोचिंग लेते हैं, उन में बमुश्किल 5 से 10 प्रतिशत का नीट--- में सफल होते है तो फिर लाखों–लाख की संख्या में कोचीग में प्रवेश क्यों?

> **सर्वाधिक महत्व की तो यही बात है कि पेरेंट्स गाइड बनें किन्तु बच्चों पर अनावश्यक तनाव न डालें। बच्चे का क्या पोटेंशियल है, यह सबसे ज्यादा पेरेंट्स जानते है। पड़ोसीयों, रिश्तेदारों, जान-पहचान वालों के बच्चों की अपने बच्चों के साथ बात-बात में तुलना कर उन में हीन भावनाओं के सर्जक न बने।**

(4) कम अंकों वालों को भी कम्पीटिसन परीक्षाओं में भाग लेने का अधिकार है, कोचिंग लेने का अधिकार है किंतु यह ज्यादा उचित है कि मा–बाप ऐसे बच्चों को अपने घर पर ट्यूशन दिलवाएं। उस से बच्चा कोचिंग संस्थानों के अनावश्यक तनावों से बचेगा, पेरेंट्स के सम्पर्क व गाईडेन्स में रहेगा जिस से उसका हौसला बढाता रहें गया, कठिनाइयों को ट्यूटर से मिलकर ज्यादा अच्छे से हल कर सकेंगे।

(5) नीट, कोचिंग संस्थानों में हर कालांश (पीरियड) के प्रारम्भ में कबीर वाणी, गुरु ग्रन्थ साहिब की वाणी–भक्ति काल के दूसरे भक्त शिरोमणियों की वाणी, बाबा फरीद की वाणी, उपनिषदों के प्रेरक संवाद, दूसरे धर्मों से प्रेरक प्रसंग–संवाद आदि 5 मिनट तक अनिवार्यत: सुना कर ही क्लासेज शुरू हो--इस से विद्यार्थी, केवल कोचिंग–डॉक्टर–इंजीनियर के अतिरिक्त वृहद रूप में जीवन को समझेगें, तनाव कम होगा----

(6) बोर्ड एफिलिएटेड स्कूल्स व कोचिंग संस्थानों का नापाक गठजोड़ समाप्त किया जाए। बहुत सी कोचिंग संस्थाएं बहुत सी बड़ी स्कूलों के साथ उन स्कूलों में ही 9वी, 10वी, 11वी, 12वी के विद्यार्थियों को कोचिंग के लिए तैयार करने लग जाते है। 9वी,10वी में ही 12वी का बहुत सारा कोर्स करवा दिया जाता है––इस से नीट– परीक्षाओं के विषयों के अतिरिक्त, बोर्ड की परीक्षाएं के, अन्य विषय पूर्णत: गौण हो जाते है।

(7) केंद्र व राज्य सरकारों, बैंकों, आर्मर्ड फोर्सेज, अर्ध सैनिक बलों की नौकरियों के लिए भी कोचिंग होती है किंतु वहां आत्महत्याओं जैसी घटना कोई अपवाद स्वरूप ही सुनी होगी। क्यों? क्योंकि उस समय तक परीक्षा देने वाले 20, 25 या अधिक आयु वर्ग से जाते है। उन्होंने जीवन के उतार–चढ़ाव, सफलता–असफलता–कठिनाइयों को नजदीक से देख लिया होता है और वे इन सब बातों को आसानी से फेस कर लेते है। नीट आदि के असपिरेन्ट्स का ऐसा कोई अनुभव नहीं होता। कई बार असफलता या कठिनाइयां उनके लिए असहनीय हो जाती हैं।

(8) हर नीट– आदि के कोचिंग संस्थानों, में सप्ताह में एक 30–45 मिन्ट का पिरीयड प्रेरक कविताओं, कहानियों, अन्य प्रेरक प्रसंगों, अच्छे कलाकारों, साहित्यकारों, वैज्ञानिकों, समाज सुधारकों की कृतियों, जीवनियों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए रखा जाना अनिवार्य होना चाहिए।

(9) नीट– आदि की तैयारी करनी वाली हर संस्थान में जहां 200/300/400 से अधिक संख्या के कोचिंग लेने वाले हो, वहां निश्चितत: एक रिक्रियसन रूम होना चाहिए, जिसमें साधारण इनडोर खेल जैसे कैरम, चेस, लूडो, बेडमिंटन, टेबल टेनिस आदि खेलने की सुविधाएं हों।

जिस पीजी एकोमोडेशन, हॉस्टल में 10/15/20 से अधिक बच्चे रहते हों, वहां भी इस प्रकार की रिक्रियसनल सुविधाऐ होनी चाहिए।

(10) सरकारों को छात्र–छात्रों द्वारा आत्महत्याओं से जुड़ी इस गम्भीर समस्या पर, राज्य स्तर पर या सम्भाग स्तर पर, कोचिग संस्थानों वालों, पेरेंट्स, इस से जुड़े अन्य हितार्थीयों से, 1, 2 दिन की संगोष्टी कर सुझाव लेने चाहिए। उनके आधार लीगल फ्रेमवर्क तैयार करने पर गम्भीरता से विचार किया जाए।

सर्वाधिक महत्व की तो यही बात है कि पेरेंट्स गाइड बनें किन्तु बच्चों पर अनावश्यक तनाव न डालें। बच्चे का क्या पोटेंशियल है, यह सबसे ज्यादा पेरेंट्स जानते है। पड़ोसीयों, रिश्तेदारों, जान–पहचान वालों के बच्चों की अपने बच्चों के साथ बात–बात में तुलना कर उन में हीन भावनाओं के सर्जक न बने।

अभिभावक बच्चों को नीट/ आदि से भिन्न कैरियर्स यथा शिक्षण संस्थानों में शिक्षक, वकालत–लीगल अफेर्स, आर्म्ड फोर्सेज, बैंकिंग–वितीय संस्थानों व अन्य अनेक क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर्स के बारे में, उनके महत्व, उपयोगिता, प्रोज–कोस के बारे में बताएं किन्तु निर्णय की स्वतंत्रता उन्हें दें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

## राशिफल गुरूवार 7 सितम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, रोहिणी नक्षत्र प्रात: 10:25 तक, वज्र योग रात्रि 10:01 तक, कौलव करण सांय 4:15 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 11:13 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–वृष, मंगल–कन्या, बुध–सिंह, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।


आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत वैष्णवों का, रोहिणी व्रत (जैन), संत ज्ञानेश्वर जयन्ती, मन्वादि है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:45 तक, चर 10:52 से 12:25 तक, लाभ–अमृत 12:25 से 3:31 तक, शुभ 5:04 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:12, सूर्यास्त 6:38



**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।



**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।



**धनु**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।




**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



**मकर**
व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।




**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें। मन में असंतोष बना रहेगा।




**तुला**
व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।




**कुंभ**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। परिजनों के व्यवहार के कारण परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।



**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**वृश्चिक**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।



**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

# मानव केंद्रित वैश्वीकरण: हमें जी-20 को दुनिया के अंतिम छोर तक ले जाना है, किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है



नरेन्द्र मोदी

**'वसुधैव** कुटुम्बकम'–हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, पूरी दुनिया एक परिवार है। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो।

जी–20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानव–केंद्रित प्रगति के आव्हान के रूप में प्रकट हुआ है। हम One Earth के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम One Family के रूप में विकास के लिए एक–दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और One Future के लिए हम एक साझा उज्जवल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं।

कोरोना वैश्विक महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इससे पहले की दुनिया से बहुत अलग है। कई अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं।

पहला, इस बात का एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया के जीडीपी–केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव–केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है।

दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है।

तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आव्हान सामने है।

जी–20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।

दिसंबर 2022 में जब हमने इंडोनेशिया से अध्यक्षता का भार संभाला था, तब मैंने यह लिखा था कि जी–20 को मानसिकता में आमूल–चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए।

विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिए पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है।

इसी सोच के साथ भारत ने 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' का भी आयोजन किया था। इस समिट में 125 देश भागीदार बने। यह भारत की अध्यक्षता के तहत की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक रही। यह ग्लोबल साउथ के देशों से उनके विचार, उनके अनुभव जानने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता के तहत न केवल अफ्रीकी देशों की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी–20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है।

हमारी दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसका मतलब यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां भी आपस में जुड़ी हुई हैं। यह 2030 एजेंडा के मध्य काल का वर्ष है और कई लोग चिंता जता रहे हैं कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे पर प्रगति पटरी से उतर गई है।

एसडीजी के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी–20 2023 का एक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। इससे एसडीजी को हासिल करने का रास्ता तैयार होगा।

भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं।

ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए।

हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। 'क्या नहीं किया जाना चाहिए' से हटकर 'क्या किया जा सकता है' वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्य संस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है।

ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा।

वर्ष 2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के माध्यम से हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकॉनमी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा।

क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम 'लाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट' को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है।

टेक्नॉलाजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दुनिया भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है।

डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी–20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे, ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें।

भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक और सस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल, अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यिमता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र पर भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी जी–20 प्रेसीडेंसी जेंडर डिजिटल डिवाइड को पाटने, लेबर फोर्स में भागीदारी के अंतर को कम करने और निर्णय लेने में महिलाओं की एक बड़ी भूमिका को सक्षम बनाने पर काम कर रही है।

भारत के लिए, जी–20 की अध्यक्षता केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी और मॉडल ऑफ डाइवर्सिटी के रूप में हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिये हैं।

आज किसी काम को बड़े स्तर पर करने की बात आती है तो सहज ही भारत का नाम आ जाता है। जी–20 की अध्यक्षता भी इसका अपवाद नहीं है। यह भारत में एक जन आंदोलन बन गया है।

जी–20 प्रेसीडेंसी का हमारा कार्यकाल खत्म होने तक भारत के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी होंगी। इस दौरान हम 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों की मेजबानी कर चुके होंगे। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को इस तरह से शामिल नहीं किया है।


भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी–20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे।

हमारी जी–20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास करती है। हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां एकता हर मतभेद से ऊपर हो, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे।

जी–20 अध्यक्ष के रूप में, हमने वैश्विक पटल को बड़ा बनाने का संकल्प लिया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि हर आवाज सुनी जाए और हर देश अपना योगदान दे। मुझे विश्वास है कि हमने कार्यों और स्पष्ट परिणामों के साथ अपने संकल्प पूरे किये है।

**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

# "नागरीदास" के नटनागर श्री राधा कृष्ण



देवी सिंह नरूका

**श्रीमद्भागवत** के अनुसार भगवान ने स्वयं कहा है –

**"नाहं वसामि वैकुंठे,**
**योगिनाम ह्रदये न च।**
**मद भक्ता यत्र गायंति, तत्र तिष्ठामि नारद्"।।**

अर्थात हे नारद्! न तो मैं वैकुंठ में निवास करता हूं और न योगियों के ह्रदय में, किंतु जहां मेरे भक्त गायन करते है, मैं वहीं रहता हूं।

यही कारण है कि कृष्ण भक्त कवियों में भगवान की लीला के गुणगान की विशेष परम्परा रही है। इसी परम्परा में नागरीदास का नाम उल्लेखनीय है। अजमेर के निकट रूपनगढ़ के राजा सावंत सिंह राजपाट छोड़कर वृंदावन जाकर रहने लगे और वहां पर 'नागरीदास' उपनाम से नटनागर की लीला का गुणगान करते हएु अनेक पदों की रचना की। इसलिए कहा जाता है 'अष्ठछाप पहले भये नवें नागरीदास'। अपने 64 वर्ष के जीवनकाल में नागरीदासजी ने छोटे–बड़े 75 ग्रन्थों की रचना की।

डॉ. किशोरीलाल गुप्त के अनुसार नागरीदास जी (सन् 1700–1764 ई.) का पहला ग्रन्थ 'मनोरथ मंजरी' है। इसमें भक्तवर ने बृज भूमि में रहने की उत्कट अभिलाषा व्यक्त की है।

**"मौ नैनन की ठोर को, कबले है वह रूप,**
**तीन ताप सीतल करन, सधन तरून की धुंध।**
**कब वृंदावन धरण में, चरण परेंगे जाय,**
**लोटि धूरि धरि सीस पर, कछु मुखहूं से पाय।।"**

नागरीदास ने सदैव नटनागर और नागरी राधा की लीला का गुणगान किया। उन्होने कभी सांसारिक सुख–सम्पत्ति की कामना नहीं की।

**"नागर निहोरि कर जोरि, मांगो तिनपे तें।**
**देहूं प्रेम भक्ति को छुडाय, विषे वासना।।"**

ऐसी ही भक्ति से सरोबार 'नागरीदास' के पूर्व राग का वर्णन देखिये :–

**"हूं हरि हेरनि मांझ ठनी,**
**सोही मद अलसोंही आंखियां, हिय में आन खगी।**
**नहिं कछु गृह काज बनत, जिय चितवन रहत लगी,**
**'नागरिया' मोहन मिलिबे, को चिंता ज्वाल जगी।।"**

श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर हर्षोल्लास प्रकट करते हुये नागरीदास लिखते है :–

**"नंद गोपराज सुन, और बृज ओप आज,**
**तेरे पुत्र, भयो पुण्य फल जायको।**
**ब्रहम ऋषिद्वार, बहो देवता विमाननि पें,**
**छायो सुर वेद गान, भेद के अलाप को।**
**घर घर संपदा अपार बढ़ी देखियत।**
**हमपे न कीनो जान, बर्नन प्रताप को।**
**'नागर' यों बैर बैर ग्वाल कहे टेर टेर।**
**तेरो घर मानों, परमेसुर के बाप को।।"**

सखाओं सहित नटनागर ने दधि माखन खूब खाया किंतु ऐसे ही नंद किशोर ने जब बृजभूमि पर विपदा आई तब गोवर्धन पर्वत उठाकर उस क्षेत्र की रक्षा की। श्री कृष्ण के इस महान कार्य से गोप गोपियों का आत्म सम्मान बढ़ा और ऐसा लगा कि दधि माखन खिलाना सफल हो गया –

**"गोवर्धन धारी नाम कुंवर को, जब ही तें हम लींन्हो,**
**सात दिवस गिरीवर कर राख्यो, इन्द्रमान भन कीनो।**
**भले खायो चोरि दधि बृज में, भले दान दधि छीनों।**
**'नागरिया' घर घर को माखन आजु सफल करि दीनो"।।**

कृष्ण लीला का रसास्वादन कीजिये, किस प्रकार से नवल किशोर हंसी–ठिठोली में ही गापे बालाओं का मन हरण कर गोपी वल्लभ बन गये –

**"गई हुती बेचन गोरस के,**
**रोकि आनि दान मिस मोहन,**
**बांकि चितवनि मेरे हिय माझ कसके।**
**अंचरा गहि, फिर बहियां गहीरी।**
**कर मेरा मसक्यो, अबलो चसके।**
**'नागरीदास' कठिन मोहि बीतत।**
**उहिं तो मन लीनों हंसि हंसि के"।**

भ्रमर गीतों में संत कवि सूर ने गोपियों की विरह वेदना का वर्णन किया है। नागरीदास की गोपियों के प्रेम की उत्कृष्टता का भी रसास्वादन कीजिये। वे कहती है कि हमारे शरीर के चाहे टुकडे–टुकडे कर दीजिये किंतु जब नंद किशोर आयेंगे स्वत: ही उनमें प्राणों का संचार होगा और उठकर उनसे लिपट जायेंगे।


**"उधो बृथा करत बकवाद।**
**हम जान्यो तुम जानत, नाही रूप सुधा सुख स्वाद।**
**सकल ब्रज मोहन मई है, गोप गोपी गाय,**
**तिनतो बिन धनश्याम सुंदर, कैसे और सुहाय,**
**हमरे तन कर खडं खंड ज्यों देही भूमि में डारि।**
**न्यारे न्यारे लपटि जाहि लखि नागर नंद कुंवार"।।**

विश्व प्रसिद्ध किशनगढ़ चित्रशैली का विकास नागरीदासजी के समय में ही हुआ उनके द्वारा रचित पदों के आधार पर अनेक कलाकारों ने चित्र बनाये है। भादव माह की अंधेरी रात में किस पक्रार से कुंज बिहारी नागरी राधा के रूप दर्शन का लाभ प्राप्त करते हैं। कवि की कल्पना का रसास्वादन कीजिये –

**"भादों की कारी अंध्यारी निशा,**
**झुकि बादर मंद फुंहि बरसावे।**
**ता समै नागर के दृग दूरितें,**
**आतुर रूप की भीख यों पावें।**
**पोन मया करि घूंघट टारे।**
**दया करि दामिनि दीप दिखावे"।।**

**–देवी सिंह नरूका,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# भगवान कृष्ण की उपासना के पर्व जन्माष्टमी को सार्थक करने के वास्ते उनके उपदेशों को आत्मसात करें



डॉ. जे.के. गर्ग

**भगवान** कृष्ण की उपासना के पर्व जन्माष्टमी पर हमारी पूजा–अर्चना तभी सार्थक होगी जब हम भगवान के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लें और उनके बताये रास्ते पर चलें। कृष्णमय हो कर उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें! सनातन धर्म के अनुयायीयों के मतानुसार जब–जब इस धरा पर राक्षसों और क्रूर शासकों के जुल्म और अत्याचार चरम सीमा तक बढ़ जाते हैं और जब सत्य पर असत्य, विनम्रता पर अहंकार, नैतिकता पर अनैतिकता, सहिष्णुता पर असहिष्णुता, न्याय पर अन्याय और धर्म पर अधर्म हावी हो जाता है, तब जगत के पालनहार भगवान विष्णु खुद सत्य और धर्म की पुन: स्थापना करने हेतु पृथ्वी पर अवतरित होते है। इसी कड़ी में भारत की पावन भूमि पर स्वयं भगवान विष्णु अपनी सोलह कलाओं के साथ आठवें अवतार के रूप में भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि को रोहिणी नक्षत्र में कृष्ण के रूप में अवतरित हुए थे।

भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता के माध्यम से मानव जीवन के गूढ़ रहस्यों सरल भाषा में समझाते हुवे निष्काम भाव से सात्विक कर्म करके उन्हें परमात्मा को समर्पित करने कहा था। कृष्ण ने केवल उपदेश ही नहीं दिए, उन्होंने उनको साकार कर भी दिखाया। जैसे गीता के रूप में उनकी वाणी अनुकरणीय है वैसे ही उनका जीवन भी। भगवान ने बताया कि रिश्ते कैसे निभाये जाते है, अपने जीवन को कैसे प्रेममय बनाया जाता है और जीवन के उतार–चड़ाव का सामना मुस्कराते हुये कैसे किया जाता है। भगवान कृष्ण ने हमको समझाया कि हम क्यों व्यर्थ की चिंता करते हैं? आत्मा अविनाशी और अमर है। जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है वह अच्छा हो रहा है, जो होगा, वह भी अच्छा ही होगा। तुम भूत का पश्चाताप ना करो, भविष्य की चिंता ना करो। ध्यानपूर्वक सुनो– तुम्हारा क्या गया, जो तुम रोते हो? तुम क्या लाए थे, जो तुमने खो दिया? तुम क्या लाये हो जो नष्ट हो गया है? ना तुम कुछ लेकर आए, जो लिया यहीं से लिया। जो दिया, यही पर दिया। जो लिया, भगवान से लिया। जो दिया भगवान को दिया। इंसान खाली हाथ आया और खाली हाथ जायगा। जो आज तुम्हारा है, कल किसी का था, परसों किसी और का होगा। तुम इसे अपना समझ कर मग्न हो रहे हो। बस यही प्रसन्नता तुम्हारे दु:खों का मूल कारण है। यही सबसे उत्तम सहारा है। जो कुछ भी तुम करते हो, उसे भगवान को अर्पण कर दो। ऐसा करने से तुमको सदा आनंद का अनुभव होगा।

इस जन्माष्टमी भगवान की उपासना करते हुये उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन मे उतारे। कर्तव्य परायणता की यही शिक्षा श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की रणभूमि में गीता के माध्यम से अर्जुन को दी थी, जो युद्ध भूमि में अपने स्वजनों की संभावित मृत्यु के भय से दु:खी होकर अपने क्षत्रिय धर्म एवं कर्तव्य से मुहँ मोड़ कर युद्ध नहीं करना चाह रहें थे। भगवान ने बतलाया कि एक क्षण में तुम करोडो के स्वामी बन जाते हो, दूसरे ही क्षण में तुम दरिद्र हो जाते हो। मेरा–तेरा, छोटा–बड़ा, अपना–पराया मन से मिटा दो, फिर सब तुम्हारा हैं, तुम सब के हो। यह शरीर अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश से बना है और इसमें ही में मिल जाएगा। परन्तु आत्मा स्थिर हैं अविनाशी है तुम नाशवान शरीर नहीं तुम तो अविनाशी आत्मा हो तुम अपने आपको भगवान को अर्पित करो। नि:संदेह गोवर्धन कान्हा के सम्पूर्ण जीवन काल में कर्म की ही प्रधानता रही थी। भगवान कृष्ण ने हमें बताया कि जिसने जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है और मृत्यु के पश्चात् पुनर्जन्म भी निश्चित है। प्रत्येक बुद्धिमान व्यक्ति को असत्य, विनम्रता पर अहंकार, नैतिकता पर अनैतिकता, सहिष्णुता पर असहिष्णुता, न्याय पर अन्याय और भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता के माध्यम से मानव जीवन के गूढ़ रहस्यों सरल भाषा में समझाते हुवे निष्काम भाव से सात्विक कर्म करके उन्हें परमात्मा को समर्पित करने को कहा था। कृष्ण ने केवल उपदेश ही नहीं दिए, उन्होंने उनको साकार भी कर दिखाया। जैसे गीता के रूप में उनकी वाणी अनुकरणीय है वेसे ही उनका जीवन भी।

मनुष्य जो चाहे बन सकता है, अगर वह विश्वास के साथ इच्छित वस्तु पर लगातार चिंतन करें तो। जो मनुष्य अपने–अपने कर्तव्य का पालन करता है, वह असली योगी है। जो पुरुष न तो कर्मफल की इच्छा करता है, और न कर्मों से घृणा करता है, वह मनुष्य ही वास्तव के अंदर संन्यासी है। जीवन न तो भविष्य में है ना अंत में। हे अर्जुन! परमेश्वर प्रत्येक जीव के ह्रदय में स्थित है। भगवद गीता के अनुसार नरक के तीन द्वार होते है– वासना, क्रोध और लालच। मनुष्य को इन तीनों से बचना चाहिए। कर्म काण्ड पूजा–अर्चना का अपना महत्व है।

**– डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक**
**कॉलेज शिक्षा जयपुर**

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 37 प्रभात जयपुर, गुरुवार 7 सितम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




**Retelling The Story of Krishna**

Devdutt Pattanaik seamlessly weaves the story from Krishna's descent to the butter-smeared world of happy women to his ascent from the blood-soaked world of angry men.

**Jai Shree Krishna!**

Life Changing Lessons to Learn from Lord Krishna



*डायनासॉर के समय ही विलुप्त मान लिए गए सीलोकैन्थ (एक प्रकार की मछली) का गर्भकाल सबसे लंबा होता है और ये सिर के बल शिकार करती हैं। वैस्ट इण्डियन ओशन सीलोकैन्थ या अफ्रीकन सीलोकैन्थ को कोमोरोस आइलैण्ड्स पर ''गॉमवैसा'' कहकर बुलाते हैं। वैज्ञानिक सोचते थे कि, सभी सीलोकैन्थ साढ़े छः करोड़ वर्ष पहले ही विलुप्त हो गए थे- फिर सन् 1938 में अचानक ही, दक्षिण अफ्रीका के तट के पास इन्हें देखा गया। सीलोकैन्थ सबसे पहले 40 करोड़ वर्ष पूर्व प्रकट हुए थे, लेकिन इनका जीवाश्म रिकॉर्ड उसी समय तक मिला जब डायनासॉर विलुप्त हुए। तथापि, इनकी अप्रत्याशित वापसी का अर्थ है कि, ये वही प्रजाति हैं जिन्हें लैज़रस कहते हैं। ये प्राचीन मछलियाँ दिन के समय गुफाओं में छुपकर रहती थीं और भोजन के लिए रात को बाहर निकलती थीं। ये साढ़े छः फीट तक लंबी और 90 किलो तक वजनी हो सकती हैं और बहुत लंबे समय तक जीवित रह सकती हैं। प्रारंभिक अध्ययनों से लगा था कि, इनका अधिकतम जीवनकाल 20 वर्ष होता है। लेकिन, 2021 में शोधकर्ताओं ने अधिक विकसित तकनीकों का उपयोग करके पता लगाया कि, इनकी उम्र सौ वर्ष तक हो सकती है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि, इनमें सैक्शुअल परिपक्वता बहुत देर से आती है। नर सीलोकैन्थ 40 तथा मादा 58 वर्ष की होने पर प्रजनन करती हैं। इनका गर्भकाल 5 वर्ष का होता है। कंकाल की विशिष्ट संरचना के कारण ये सिर के बल खड़े होकर शिकार कर सकती हैं। वैस्ट इण्डियन ओशन सीलोकैन्थ की खोज के लगभग 60 वर्षों के बाद वैज्ञानिकों को इण्डोनेशिया में सीलोकैन्थ की एक और प्रजाति मिली, जहाँ इसे ''राजा लाउट'' (समुद्र का राजा) कहते हैं।*

# अशोक गहलोत समन्वय समिति में शांति धारीवाल को सदस्य बनवाने में सफल हुए

## गहलोत ने अपने पुत्र वैभव गहलोत को भी कैम्पेन कमेटी का सदस्य बनवाया

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। राज्य में चूँकि चुनाव नज़दीक ही हैं, इसलिये राज्य के विधानसभा चुनावों के लिये कांग्रेस आलाकमान ने कई कमेटियाँ गठित कर दी हैं।

रंधावा की अध्यक्षता में, 8 सदस्यों की एक कोर कमेटी गठित की गई है, जिसमें शामिल हैं-अशोक गहलोत, डोटासरा, जितेन्द्र सिंह, सचिन पायलट, हरीश चौधरी, महेन्द्र जीत मालवीय, सी.पी. जोशी, मोहन प्रकाश तथा गोविन्द राम मेघवाल।

- **कांग्रेस हाई कमान ने दर्जन भर कमेटियाँ बनाईं राजस्थान विधानसभा चुनाव के बारे में।**
- **इतनी ज्यादा कमेटियाँ बना दी गई हैं कि, एक-दूसरे के कार्य क्षेत्र को ''ओवरलैप'' कर रही हैं। इस ''कन्फ्यूज़न'' में कांग्रेस पार्टी की स्पष्ट कार्य शैली नज़र नहीं आ रही है।**
- **वरिष्ठ नेताओं ने कहा, जमीनी हकीकत यह है कि, चुनावों में कांग्रेस की स्थिति काफी डांवाडोल है।**
- **वरिष्ठ नेताओं का यह भी मानना है कि, अशोक गहलोत के कामकाज और कार्यशैली के बारे में काफी आक्रोश है जनता में।**

दिलचस्प बात यह है कि अशोक गहलोत ने अपने विश्वस्त शांति धारीवाल को समन्वय समिति का सदस्य बनवाने में सफलता हासिल कर ली है। और वे अपने पुत्र वैभव गहलोत को वे प्रचार समिति में ले आये हैं, जिसके अध्यक्ष गहलोत सरकार के मंत्री गोविन्द राम मेघवाल बनाये गये हैं। चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष विधानसभा के स्पीकर सी.पी. जोशी बनाये गये हैं, जबकि रणनीतिक समिति के अध्यक्ष हरीश चौधरी होंगे।

इन कमेटियों में बड़ी संख्या में मंत्रियों एवं वरिष्ठ नेताओं को समायोजित किये जाने की कोशिश के अन्तर्गत, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पूरी कांग्रेस को ही इन कमेटियों में समायोजित कर दिया गया है।

अशोक गहलोत ने इनमें से कुछ कमेटियों में अपनी मर्जी चलाने की कोशिश की है लेकिन इतनी ज्यादा कमेटियां बना दी गई है जो एक दूसरे क कार्य क्षेत्र में ओवरलैप कर रही है। इससे कांग्रेस पार्टी की कार्यशैली के बारे में भारी भ्रम पैदा हो गया है इसलिए इतनी कमेटियों का निर्माण निरर्थक सा हो गया है।

ऐसी आशा की जा रही है कि आगामी चुनावों के संदर्भ में महत्वपूर्ण निर्णय कोर कमेटी ही लेगीं, हालांकि पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि जमीनी हकीकत यह है कि अशोक गहलोत के नेतृत्व में चुनावों में पार्टी की स्थिति काफी डांवाडोल है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री गहलोत और उनकी सरकार के काम-काज को लेकर हर तरफ भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है।

# 'संसद के विशेष सत्र का एजेंडा गोपनीय क्यों है?'

## सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी लिखकर पूछा

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। संसद का पाँच दिवस का विशेष सत्र 18 सितम्बर को शुरु होने जा रहा है किन्तु संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा ''एक्स'' (पूर्वनाम ट्विटर) पर एक पोस्ट के माध्यम से दी गई इस सूचना को छः दिन बाद भी विपक्ष को सत्र के एजेंडा के मामले में पूरी तरह अंधेरे में रखा गया है। इस पृष्ठभूमि में, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे अपने पत्र में नौ मुद्दों की सूची दी है, जिन पर विपक्ष चर्चा कराना चाहता है।

- **सोनिया ने पत्र में लिखा कि, आमतौर पर संसद सत्र के पहले बिजनैस एडवायज़री कमेटी या सर्वदलीय बैठक में मुद्दों पर आम सहमति बनाने की कोशिश होती है, पर ऐसा कुछ भी नहीं किया गया।**
- **सोनिया गांधी ने पत्र में बेरोजगारी, महंगाई, मणिपुर, किसानों की मांगों, चीन सहित लगभग 9 मुद्दे चिन्हित किए हैं, जिन पर विपक्ष विशेष सत्र में चर्चा करना चाहता है।**
- **सूत्रों का कहना है कि, अगर सरकार इन मुद्दों पर चर्चा नहीं करवाएगी तो संसद का विशेष सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ सकता है।**

विशेष सत्र से संबंधित एजेंडा को गुप्त बनाये रखने का सरकार का यह कदम सर्वथा अभूतपूर्व है। सामान्यतः संसद सूत्रों के एजेंडा पर या तो लोकसभा की बिज़नैस एडवाइज़री कमेटी की मीटिंग में चर्चा होती है या फिर लोकसभा अध्यक्ष इस संबंध में एक सर्वदलीय मीटिंग बुलाते हैं। वर्तमान स्थिति में, यह विशेष सत्र ''कौन बनेगा करोड़पति'' के शो का रूप ले चुका प्रतीत हो रहा है। क्या यह विशेष सत्र समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) पारित करने के लिये आहूत किया गया है? महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के लिये बुलाया गया है? देश का नाम ''इंडिया'' से बदल कर ''भारत'' कर देने का कानून बनाने के लिये बुलाया गया है? जस्टिस जी. रोहिणी आयोग की रिपोर्ट की सिफारिशों पर चर्चा के लिये बुलाया गया है? या चन्द्रयान मिशन जी-20 सम्मेलन की सफलता का जश्न मनाने के लिये बुलाया गया है?

जहाँ विपक्षी नेता सत्र के एजेंडा को लेकर पूरी तरह अँधेरे में है, वहीं भाजपा के सांसदों एवं मंत्रियों को भी संभवतः एजेंडा की कोई खास जानकारी नहीं है।

इन अनिश्चितताओं तथा अटकलों-अनुमानों के चलते, सोनिया गांधी ने उन मुद्दों को चिन्हित करने की पहल की है, जिन पर विपक्ष चर्चा करना चाहता है। ये मुद्दे हैं- बढ़ती जा रही महँगाई, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की किसानों की माँग, मणिपुर में जारी साम्प्रदायिक हिंसा, चीन के साथ सीमा संबंधी मुद्दे, जातिगत सर्वे की माँग, केन्द्र-राज्य विवादों के मुद्दे तथा

(शेष पृष्ठ 4 पर)

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

## इंडिया बनाम भारत मसले पर शब्दों का घमासान जारी

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। एक ओर जहाँ मोदी सरकार ''इंडिया'' नाम को निरस्त करने की अपनी प्रतिबद्धता जताने में एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है, वहीं आज कांग्रेस नेता शशि थरुर ने इंडिया-भारत विवाद पर चुटकी लेते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन अपने आपको ''एलायंस फॉर बैटरमैंट, हार्मनी एंड रिस्पाँसिबल एडवांसमैंट फॉर टूमॉरो (भारत)'' रख लेगा तो शायद सत्तारूढ़ पार्टी नाम बदलने का यह ऊटपटांग खेल बंद कर दे

- **आज इस विवाद में कांग्रेस सांसद शशि थरूर की टिप्पणी आई। उन्होंने कहा कि, अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया की जगह भारत नाम रख ले तो नाम बदलने का तमाशा शायद बंद हो जाएगा।**

थरूर की टिप्पणी ऐसे समय में आई जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी-

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड के चारों सदस्यों की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

## एडिटर्स गिल्ड के अध्यक्ष व तीन सदस्यों के खिलाफ मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह ने दो एफ.आई.आर. दर्ज करवाई थी

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने आज एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के चार सदस्यों को सोमवार तक के लिये किसी प्रकार की उत्पीड़क (कोअर्सिव) कार्यवाही के खिलाफ सुरक्षा प्रदान की है। ज्ञातव्य है कि इनके खिलाफ मणिपुर में विभिन्न अपराधों को लेकर दो एफ.आई.आर. दर्ज हुई थीं, जिनमें दो समुदायों के बीच शत्रुता बढ़ाने का अपराध भी शामिल है।

- **चीफ जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बैंच ने एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर यह आदेश दिया तथा मणिपुर सरकार से जवाब मांगा।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 सितम्बर की तारीख तय की है।**
- **4 सितम्बर को मणिपुर के मुख्यमंत्री ने एडिटर्स गिल्ड के चार सदस्यों के खिलाफ, राज्य में हिंसा और तनाव भड़काने का आरोप लगाते हुए एक एफ.आई.आर. दर्ज करवाई थी।**
- **इन पर दूसरी एफ.आई.आर. भी दर्ज की गई, जिसमें मानहानि का आरोप भी लगाया गया है।**

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा से मिलकर बनी बैंच ने एडिटर्स गिल्ड द्वारा दायर की गई याचिका पर राज्य सरकार से भी जवाब मांगा है तथा इस प्रकरण की सुनवाई के लिए 11 सितम्बर की तारीख दे दी है।

इससे पूर्व, शीर्ष अदालत याचिका की सुनवाई आज ही करने के लिये सहमत हो गई थी।

4 सितम्बर को, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह ने कहा था कि एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं तीन सदस्यों के खिलाफ पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर केस दायर कर दिया है। इन चारों लोगों पर राज्य में ''तनाव भड़काने'' की कोशिश का आरोप लगाया है।

(शेष पृष्ठ 4 पर)

## गणेश चतुर्थी के दिन नए भवन में होगा संसद सत्र

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। सूत्रों ने कहा है कि संसद का विशेष सत्र पुराने तथा नये-दोनों ही भवनों में होगा।

उन्होंने कहा कि सत्र 18 सितम्बर को पुराने भवन में शुरू होगा तथा 19 सितम्बर को, गणेश चतुर्थी के अवसर पर नये भवन में शिफ्ट हो जायेगा।

- **सूत्रों ने बताया कि, संसद का विशेष सत्र 18 सितम्बर को पुराने भवन में शुरू होगा तथा अगले दिन 19 सितम्बर को बैठक नए भवन में आयोजित की जाएगी।**

संसद के विशेष सत्र को लेकर राजनैतिक दल किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति में हैं क्योंकि सरकार ने पांच दिन के इस सत्र के लिये कोई एजेंडा उपलब्ध नहीं कराया है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# 'उदयनिधि की सनातन धर्म टिप्पणी का सख्ती से जवाब दिया जाए'

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रिपरिषद की बैठक में कहा

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। एक तरफ जहाँ सनातन धर्म पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर विवाद थम नहीं रहा है, वहीं अब इस मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उछाल रहे हैं जिनका कहना है कि उनकी टिप्पणियों का ''उचित जवाब'' जरूरी है।

यह प्रधानमंत्री की ओर से पहला और स्पष्ट संदेश है कि पूरी भाजपा द्वारा उछाले गए इस मुद्दे का उपयोग पहले पाँच राज्यों के विधानसभा चुनाव और बाद में आम चुनाव के दौरान पार्टी के हिन्दुत्व प्रचार के लिए किया जाएगा।

क्या द्रमुक को डर या चिंता है कि उसने खुद पर ही गोल कर दिया? कदापि नहीं, इसके विपरीत द्रमुक नेता भाजपा नेताओं को चुनौती दे रहे हैं कि इस मुद्दे पर खुली बहस के लिए और उदयनिधि स्वयं कोई मौका नहीं गंवा रहे हैं अपने वक्तव्य को दोहराने का। उन्होंने कहा है कि वे इसे बार-बार दोहराएंगे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा जो गलत है।

तमिलनाडु के राजनैतिक विश्लेषक जैसे सुमंत सी. रमण और अन्य का कहना है कि इस विवाद से द्रमुक को कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि आगे फायदा हो सकता है और दक्षिणपंथियों का मुकाबला कर उदयनिधि भी अपना कद बढ़ा सकते है।

जैसा कि अन्य नेताओं ने भी समझाया है, तमिलनाडु में सनातन धर्म का उल्लेख परम्परागत जाति व्यवस्था के संदर्भ में होता है जिसके खिलाफ द्रमुक लड़ रही है। उदयनिधि को तमिलनाडु से कांग्रेस नेता कार्ति चिदम्बरम और कर्नाटक से प्रियांक खड़गे का समर्थन मिला है। इससे जाहिर होता है कि दोनों को विश्वास है कि उनके क्षेत्रों में इस मसले से चुनावी नुकसान नहीं होगा।

- **मोदी की इस टिप्पणी से साफ ज़ाहिर है कि, भाजपा इस मुद्दे को छोड़ने वाली नहीं है। पहले तो चार राज्यों के विधानसभा चुनावों और फिर लोकसभा चुनाव में हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण के लिए जोर-शोर से यह मुद्दा उछाला जाएगा।**
- **इस मसले पर भाजपा के तीखे तेवरों से ना तो डी.एम.के. और ना ही उदयनिधि भयभीत हैं। उदयनिधि तो कोई मौका नहीं छोड़ रहे अपनी बात दोहराने का।**
- **राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि, तमिलनाडू में डी.एम.के. को इस विवाद से फायदा ही होगा, क्योंकि वहां सनातन धर्म का मतलब जाति व्यवस्था से है।**
- **दक्षिण पंथी ताकतों को सीधी चुनौती देकर उदयनिधि अपना राजनैतिक दबदबा बढ़ा रहे हैं।**

कर्नाटक के एक राजनैतिक विश्लेषक ने याद किया कि कैसे कांग्रेस द्वारा बजरंग दल का प्रतिबंधित करने का अपना इरादा प्रकट करने के बाद वह जीती और इस बड़ा मुद्दा बनाने के प्रयास में भाजपा असफल रही। कांग्रेस को इससे अल्पसंख्यकों के वोट मजबूती से मिले और इससे जनता दल (एस.) को हार का सामना करना पड़ा।

एक विश्लेषक के अनुसार उदयनिधि के खिलाफ भाजपा का मजबूत प्रचार अगड़ी जाति के हिन्दुओं को भाजपा के पक्ष में लामबंद कर सकता है लेकिन साथ ही वह भाजपा के दलित एवं ओ.बी.सी. वोटों को काट सकता है और अगर वे इसी तरह उदयनिधि स्टालिन पर हमला बोलते रहे तो दलितों व पिछड़ों को यह पसंद नहीं आएगा क्योंकि उदयनिधि सनातन धर्म पर तीव्र प्रतिक्रिया से जाति व्यवस्था के खिलाफ लड़ रहे हैं।

उधर बिहार में इंडिया के भागीदार जनता दल (यू.) और राजद मज़बूती से जातीय जनगणना की मांग कर रहे है जिससे भाजपा चिंतित है। अब

(शेष पृष्ठ 4 पर)

## एन.डी.ए. ने 11 प्रवक्ताओं का पैनल बनाया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। विपक्षी गठबंधन इंडिया द्वारा मीडिया एवं कम्यूनिकेशन के लिये एक पैनल बनाये जाने के प्रत्युत्तर के रूप में, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले नैशनल डैमोक्रेटिक अलायंस (एन.डी.ए.) ने भी एन.डी.ए. के प्रवक्ताओं का एक पैनल बनाया है ताकि इसके पार्टनर वर्तमान मुद्दों पर एन.डी.ए. के सोच से अवगत रह सकें।

- **पैनल के प्रमुख, भाजपा के अनिल बलूनी हैं। इसमें एन.डी.ए. के घटक दलों के प्रवक्ता भी शामिल किए गए हैं। यह पैनल इंडिया गठबंधन के जवाब में बनाया गया है।**

भाजपा के कम्यूनिकेशन इंचार्ज

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# निवेशकों को पैसा ना मिले, इसका षड़यंत्र मुख्यमंत्री गहलोत कर रहे हैं : गजेन्द्र सिंह

## 'संजीवनी और इस तरह के किसी कॉ-ऑपरेटिव स्कैम में कहीं भी मेरी या मेरे परिवार की कोई लिप्तता थी तो साढे चार साल तक किसका इंतजार किया'

**बाड़मेर,** (निसं)। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर सीधा आरोप लगाया हैं कि संजीवनी सहित कई कोऑपरेटिव सोसाइटी में निवेशकों के डूबे हुए पैसे वापिस निवेशकों को ना मिले, इसका षड्यंत्र मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रच रहे हैं। शेखावत बुधवार को शहर के एक निजी होटल में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के बाडमेर पहुंचने पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।



बाड़मेर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के पहुंचने के दौरान केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

शेखावत ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि पहले कॉपरेटिव या चिट फंड कंपनियों के घोटालों की जांच फौजदारी कानून के तहत होती थी। जिसके निस्तारण में वर्षो लग जाते थे और निवेशकों को पैसा भी नही मिलता था। ऐसे में भारत सरकार 2019 में बड्स एक्ट लेकर आई जिसके बाद इस तरह के सभी मामले इसी कानून में दर्ज होते है। अगर कोई सोसाइटी एक राज्य में संचालित हैं तो उसकी जांच के लिए प्रदेश स्तर पर अथॉरिटी बनाई जाती है और अगर सोसाइटी एक से अधिक राज्यों में संचालित है तो उसकी जांच के लिए केस को अनिवार्य रूप से सीबीआई को भेजना होता है। शेखावत ने कहा कि मध्यप्रदेश और गुजरात ने अपने अपने केस सीबीआई को जांच के लिए भेज दिए। लेकिन राजस्थान सरकार ने गजेन्द्र सिंह शेखावत का गला दबाने के लिए केस सीबीआई को नहीं भेजे। अपने राजनीतिक लालच व निवेशकों को पैसा ना मिले और क्योंकि इन सोसाइटी के निदेशक कांग्रेस पार्टी के नेता हैं। इसलिए उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए गहलोत निवेशकों के हित में घडयिाली आंसू बहा रहे है और निवेशकों का पैसा ना मिले इसका षडयंत्र कर रहे है। अगर घोटालों के केस सीबीआई को भेजे जाते तो सहारा प्रोर्टल की तरह निवेशकों के पैसे मिलने की प्रक्रिया शुरू हो जाती।

मुख्यमंत्री को घेरते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि संजीवनी और इस तरह के किसी कॉ-ऑपरेटिव स्कैम मे कहीं भी मेरी या मेरे परिवार की कोई लिप्ता थी तो साढे चार साल तक किसका इंतजार किया। सरकार और पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नही की, पूछताछ क्यो नही की। शेखावत ने कहा कि राजस्थान में केवल एक नहीं इस तरह की 14 सोसाइटी है जो फेल हुई। लेकिन उन कॉ-ऑपरेटिव सोसाइटी के निवेशकों का दर्द मुख्यमंत्री का दर्द नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का दर्द यह है कि उनके बेटे को जोधपुर की जनता ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तीन लाख वोटों से पराजित करके भेज दिया। उस पेट के दर्द का इलाज कहीं और करने का प्रयास मुख्यमंत्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर संजीवनी में मेरी कहीं लिप्तता होती तो मुझे एक बार नोटिस दे कर बुलाया तो जाता है लेकिन पुलिस ने तो एक बार बुलाकर नहीं कहा कि जांच में सहयोग करे।

- सीएम पर तंज कसते हुए शेखावत ने कहा कि मैं तो जमानत कराने नहीं गया मुख्यमंत्री जी जरूर जमानत कराने के लिए जाने वाले है, आज पेशी है
- भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा बाडमेर पहुंची

शेखावत ने कहा कि किसी एफआईआर, चार्जशीट में मेरा नाम नहीं है। सीएम अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए और अपनी राजनीतिक पराजय को न पचा पाने के कारण अनर्गल टिप्पणियां कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस मैं तो अभियुक्त नहीं बना लेकिन मेरी दिवंगत मां पर जब टिप्पणी करने पर मेने मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाया। उसमें न्यायालय ने सीएम को अभियुक्त मान लिया। सीएम पर तंज कसते हुए शेखावत ने कहा कि मैं तो जमानत कराने नहीं गया मुख्यमंत्री जी जरूर जमानत कराने के लिए जाने वाले है, आज पेशी है। शेखावत ने कहा कि सीएम ने पट्टा बांधकर कई दिनों तक बचने की कोशिश की।

# उदयपुर भाजपा ने संभावित दावेदारों की पहली सूची भेजी

## दस दावेदारों के नाम आलाकमान को भेजकर सुर्खियां बटोरी

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही स्थानीय राजनीति कुलांचे मारने लगी है और भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों में टिकट को लेकर खींचतान भी शुरू हो गई है। उदयपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी का चयन शीर्ष नेतृत्व के लिए बडी चुनौती बन गया है। इसी दौरान में उदयपुर शहर से भाजपा संगठन ने अपने स्तर पर दस दावेदारों के नाम आलाकमान को भेज कर सुर्खियां बटोर ली है।

जानकारी के अनुसार यह लिस्ट बिना पार्टी के मांगे भेजी गई है। जानकारी के अनुसार भाजपा द्वारा प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर अभी तक विधानसभा चुनाव लिए कोई पर्यवेक्षक नहीं भेजे गए हैं और नहीं किसी बायोडाटा मांगा गया है। पता चला है कि शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली द्वारा जारी शुरुआती लिस्ट में रवींद्र श्रीमाली, प्रमोद सामर, रजनी डांगी, ताराचंद जैन, दिनेश भट्ट, अलका मूंदडा, युधिष्ठिर कुमावत, डॉ जिनेन्द्र शास्त्री, डॉ. किरण जैन, तख्तसिंह शक्तावत के नाम थे, लेकिन जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक के आग्रह पर डॉ. चंद्रगुप्त सिंह चौहान का नाम लिस्ट में जोड़ा गया। सबसे चौंकाने वाले घटनाक्रम में शहर जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली द्वारा भेजी गई टॉप 10 भाजपा दावेदारों की लिस्ट में उदयपुर शहर के उपमहापौर पारस सिंघवी का नाम नहीं था, वहीं उदयपुर से अपनी

- भाजपा द्वारा प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर अभी तक विधानसभा चुनाव लिए कोई पर्यवेक्षक नहीं भेजे गए हैं और नहीं किसी बायोडाटा मांगा गया है
- यह लिस्ट बिना पार्टी के मांगे भेजी गई है

दावेदारी रखने वाले डूंगरपुर के पूर्व सभापति के के गुप्ता का भी नाम सूची से गायब है।

शहर जिलाध्यक्ष द्वारा भेजी गई 10 दावेदारों की लिस्ट में कई नाम ऐसे भी थे जो चर्चा में तो थे लेकिन लिस्ट में जोड़े नहीं गए। इन नामों में नानालाल वया, मनोहर चौधरी व अतुल चंडालिया प्रमुख है। खास बात यह है कि भेजी गई लिस्ट में डूंगरपुर नगरपालिका के पूर्व सभापति केके गुप्ता और प्रदीप श्रीमाली के नाम शामिल नहीं है। लिस्ट में 2 ब्राह्मण चेहरे हैं तो 6 जैन समाज से आने वाले चेहरे हैं। एक राजपूत समाज और 1 ओबीसी समाज का चेहरा है, तो वहीं 1 दावेदार वैश्य माहेश्वरी समाज से है।

# मैं सैनिक हूं, हर प्रकार के ऑपरेशन के लिए तैयार: कर्नल मानवेंद्र सिंह

## राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष कर्नल सिंह ने संपर्क यात्रा की

**जैसलमेर,** (निसं)। राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष कर्नल मानवेंद्रसिंह द्वारा जैसलमेर के ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क यात्रा की गई। उन्होंने ग्रामीनों से कहा कि वो एक सैनिक है और सैनिक को हर ऑपरेशन के लिए तैयार रहना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे के सामने झालरापाटन से चुनाव लड़ने के लिए दिल्ली से आलाकमान ने आदेश दिया था। मैं सैनिक हूं मैंने वो आदेश माना। इससे पहले कर्नल मानवेंद्रसिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। गाड़ियों के काफिले के साथ उनकी रैली में कैबिनेट मंत्री शाले मोहम्मद के भाई और पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर भी सक्रिय नजर आए। वहीं कांग्रेस संगठन की गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही।

- रैली में कैबिनेट मंत्री शाले मोहम्मद के भाई और पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर भी सक्रिय नजर आए
- रैली में कांग्रेस के जिला संगठन का गायब रहना चर्चा का विषय बना, न तो जिलाध्यक्ष और न ही कोई पदाधिकारी शामिल हुआ

मानवेंद्रसिंह ने कहा कि जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है। प्रजातंत्र में सभी को चुनाव लड़ने की संवैधानिक व्यवस्था है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल जैसलमेर से ही टिकट के लिए आवेदन दिया है। पहले यह भी कयास लगाये जा रहे थे कि वह शिव या सिवाना से भी चुनाव लड़ सकते हैं। इस दौरान कर्नल मानवेंद्र सिंह ने जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान बार-बार दोहराया कि मेरे जैसलमेर से पीढ़ियों के संबंध है। पारिवारिक रिश्तों के साथ मानवीय संबंध मेरी जिंदगी में मायने रखते है। इसलिये मेरा जैसलमेर से विशेष लगाव है।

मानवेंद्रसिंह की रैली का जगह-जगह स्वागत हुआ। जैसलमेर पंचायत समिति प्रधान के पति व कांग्रेस नेता लखसिंह चांधन, भंवरसिंह साधना, पूर्व जिलाध्यक्ष गोविन्द भार्गव, पूर्व सभापति अशोक तंवर उनके साथ रहे। इन सबके बीच कांग्रेस के जिला संगठन का गायब रहना चर्चा का विषय बना हुआ है। न तो जिलाध्यक्ष और न ही कोई पदाधिकारी शामिल हुआ।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद के भाई व पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर ने कहा कि जसवंतसिंह परिवार का बाड़मेर-जैसलमेर के विकास में अहम योगदान है। उन्होंने सभी धर्म-सम्प्रदाय के लिए काम किये हैं। अब इनके अहसानों को उतारने की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने मुस्लिम मतदाताओं से निवेदन किया कि अपने घर के गाड़ी घोड़े खर्च कर इन्हें चुनाव लड़ाना है और जितवाना है।

जानकारी के अनुसार कर्नल मानवेंद्र सिंह और भाजपा के आपसी रिश्तों में तब खटास आना शुरू हुई थी जब 2014 के आम चुनाव में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान के बाड़मेर से उनके पिता जसवंत सिंह का टिकट काट दिया था। इसके बाद बगावती तेवर अपनाते हुए जसवंत सिंह ने इसी सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भाजपा के आधिकारिक उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ा था। उस चुनाव के समय वे बीजेपी से शिव विधानसभा से एमएलए थे। मानवेंद्र सिंह ने जसवंत सिंह के लिए चुनाव प्रचार भी किया था, जिसके बाद भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। शिव विधानसभा सीट से विधायक मानवेंद्रसिंह पूर्व में बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद भी रह चुके हैं। साल 2003 के लोक सभा चुनाव के दौरान उन्होंने वोटों के सबसे ज्यादा अंतर से जीत हासिल करने का रिकॉर्ड भी बनाया था।

# शादीशुदा प्रेमी से मिलने बांग्लादेश से अनूपगढ़ आई युवती

## टूरिस्ट वीजा लेकर 2200 किमी का सफर किया

**अनूपगढ़,** (निसं)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका से एक युवती अपने शादीशुदा प्रेमी से मिलने राजस्थान के अनूपगढ़ पहुंच गई। छह महीने पहले दोनों की दोस्ती सोशल मीडिया ऐप से हुई थी। युवती ने प्रेमी से मिलने के लिए करीब 2200 किमी का सफर तय किया। वह टूरिस्ट वीजा लेकर यहां पहुंची है।

रावला (अनूपगढ़) थाना अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि उम्मे हबीबा उर्फ हनी (30) के पास टूरिस्ट वीजा मिला है। उसके पास से 2000 बांग्लादेशी मुद्रा (टका) भी मिली है। उम्मे अनूपगढ़ के रावला मंडी के गांव 13 डीओएल के रहने वाले रोशन सिंह (27) पुत्र हंसा सिंह से मिलने आई है। दोनों प्रेमी-प्रेमिका को थाने में रखा गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

स्थानीय पंचायत समिति सदस्य के पति गोपी भूकर ने बताया कि बांग्लादेशी उम्मे हबीबा की दोस्ती हमारे गांव के रोशन से 6 महीने पहले 'याला वॉइस चैट' के माध्यम से हुई थी। दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों के बीच वीडियो कॉल पर भी बातें होती थीं। अपना प्यार पाने उम्मे हबीबा बांग्लादेश से भारत आई है। 3 सिंतबर की सुबह हबीबा बीकानेर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। रोशन उसे लेने बीकानेर पहुंचा। हबीबा 2 दिन रोशन के घर पर रही। किसी ने इसकी सूचना रावला थाने में दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने उम्मे हबीबा और रोशन को थाने में बुलाकर पूछताछ शुरू कर दी है। रोशन की बहन संतोष कौर (31) ने बताया कि हबीबा 3 सितंबर की शाम को घर आ गई थी। वह ढाका से कोलकाता के रास्ते दिल्ली होते हुए बीकानेर पहुंची है।

- शादीशुदा प्रेमी की पत्नी से बोली कि दोनों साथ रह लेंगे
- दोनों प्रेमी-प्रेमिका को थाने में रखा गया है पूछताछ की जा रही है

रोशन की मां कृष्णा बाई ने बताया कि रोशन की शादी 2 साल पहले रोजड़ी क्षेत्र की रहने वाली सोमा बाई के साथ हो चुकी है। रोशन के 7 महीने का बेटा भी है। सोमा बाई 3 सितंबर को सुबह सिरसा में पूजा में शामिल होने के लिए गई हुई है। रविवार को हबीबा घर आई। वह हिंदी में बात कर रही थी। उसे पंजाबी भाषा समझ में नहीं आती। हबीबा वापस बांग्लादेश नहीं जाना चाहती। वह भारत में ही रहना चाहती है। हबीबा ने रोशन के परिजनों को बताया था कि बांग्लादेश से आने के कारण उसकी बदनामी हो गई है। उसने बताया कि वह ढाका की रहने वाली है।

रोशन की बहन संतोष कौर बोली कि हम तो चाहते हैं कि वह वापस चली जाए। हम भाई का घर बसा हुआ देखना चाहते हैं। हबीबा कहती है कि मैं वापस नहीं जाऊंगी। उसके पास 6 महीने का वैलिड वीजा है। अब वह वीजा पूरा होने के बाद ही जाएगी। संतोष कौर ने बताया कि हबीबा ने उन्हें बताया था कि उसके पांच भाई और एक बहन है। वह छठे नंबर की है। हबीबा के भाई मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

हबीबा ने रोशन की पत्नी सोमा से फोन पर बात की। उसने सोमा से कहा कि हम दोनों साथ रहेंगे। मैं यहां कोई गलत इरादे से नहीं आई हूं। मगर सोमा बाई ने उसे साफ-साफ शब्दों में कह दिया कि तुम यहां से वापस अपने देश चली जाओ। रोशन की मां ने बताया कि रोशन और उसका छोटा भाई मलकीत मजदूरी करते हैं। वह खुद नरेगा में कार्य करती है। रोशन के पिता की मौत लगभग 1 साल पहले बीमारी के कारण हो चुकी है। रोशन केवल चौथी कक्षा तक पढ़ा हुआ है। वह भोला है। रोशन की बहनों और उसकी मां ने मीडिया और प्रशासन से अपील की है कि वह हबीबा को यहां नहीं रखना चाहते हैं। इसलिए प्रशासन और सरकार उसे वापस बांग्लादेश भेज दे।

मौके पर पहुंचे पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गोपी राम भूकर ने बताया कि एक बांग्लादेशी युवती की गांव में आने की सूचना मिलने पर प्रशासन को तत्काल अवगत करा दिया गया था। इस मामले में उनके व ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन का सहयोग किया जाएगा। किसी भी तरह से इस बांग्लादेशी युवती को वापस उसके देश भेजने का प्रयास किया जाएगा।

# पुलिस और डकैतों के बीच हुई मुठभेड

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले में मंगलवार रात्रि को चंदील पुरा के बीहड़ों में पुलिस और डकैतों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की इस मुठभेड़ में एक डकैत के पैर में गोली लग गई, वहीं दो डकैत घायल हो गए। अन्य डकैत अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।

जहां सभी डकैतों को कैदी वार्ड में शिफ्ट किया गया है। पुलिस ने डकैतों के पास से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। इन तीनों बदमाशों पर 10-10 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित है। इन तीनों डकैतों के खिलाफ धौलपुर समेत मध्य प्रदेश में संगीन धाराओं में केस दर्ज हैं। पुलिस ने इन पर पहले से ही इनाम घोषित कर रखे थे। वहीं धौलपुर के चंदील पुरा के जंगलों में देर रात पुलिस की टीम को डकैतों के छुपे होने की सूचना मिली। इसके साथ ही पुलिस ने डकैतों की घेराबंदी की। जब डकैतों ने खुद को पुलिस से घिरा हुआ पाया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी।

बाड़ी सदर थाना प्रभारी विजय सिंह छोंकर ने बताया कि पुलिस की इस फायरिंग में एक डकैत के पैर पर गोली लग गई। जबकि अन्य दो लोग घायल हो गए। वहीं पुलिस ने डकैतों के पास से 2 पचफेरा राइफल और 128 जिंदा कारतूस भी बरामद किये हैं। सभी घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती करवाया है। एडिनशल एसपी एडीएफ देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि चारों तरफ से घिरा देखकर डकैतों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जब जवाबी फायरिंग की तो मडोना निवासी डकैत रामलखन गुर्जर के पैर में गोली लगी, जबकि उसके दो साथी पप्पू और राजेन्द्र गुर्जर भी घायल हो गए। तीनों डकैतों को हिरासत में ले लिया और घायल हालत में तीनों बदमाशों को जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया है।

# बंदी का शव मिला

**चूरू,** (कासं)। चूरू जिला कारागृह में उस समय हडकंप मच गया जब एक बेरिक संख्या चार में पोक्सो के आरोप में विचाराधीन 23 वर्षीय एक बंदी का शव मिला। बंदी का शव जेल कार्यालय के पास बाथरुम में तोलिये से लटका हुआ पाया गया। जिला कारागृह के जेलर कैलाश सिंह शेखावत से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पोक्सो में विचाराधीन बंदी 23 वर्ष प्रभुराम मेघवाल का शव मिला। वह पिछले तीन महिने से यहां पर बंद था।

# चूरू में मूसलाधार बारिश हुई

## चूरू में 17.8 एम.एम बारिश दर्ज, कई इलाके जलमग्न



चूरू में लंबे समय बाद आयी मूसलाधार बारिश से शहर के अनेक स्थानों पर पानी भर गया।

**चूरू,** (कासं)। चूरू में लंबे इंतजार के बाद आयी मूसलाधार बारिश ने मौसम को खुशगवार बना दिया। वहीं शहर के अनेक इलाकों में पानी ही पानी नजर आने लगा।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को यहां का अधिकतम 39.0 व न्यूनतम 27.5 डिग्री सेल्सियस तथा 17.8 एम.एम बारिश रिकॉर्ड की गई। बुधवार दोपहर में करीब दो बजे बाद अचानक धूप निकलने के बावजूद बोछारें शुरु हो गयी जो कि शाम को करीब साढ़े चार बजे तक लगातार होती रही। छोटी मोटी बोछारों ने कुछ देर बाद मूसलाधार बारिश का रुप ले लिया। बारिश के साथ तेज हवा भी चल रही थी। बारिश को लेकर यहां पर काफी लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। करीब सवा माह बाद आज अचानक बारिश का दौर चला। शाम को बारिश रुकने के बाद भी आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। बारिश के अभाव में किसानों की फसलें खराब होने के कगार पर पहुंच गयी। अधिकांश फसलें पीली पड़ गयी।

पूरा दूसरा सावन यहां पर सूखा निकल गया। एक बूंद भी बारिश की नहीं आने से फसलों को काफी नुकसान हुआ। बारिश के बाद शहर के स्टेशन रोड़, सुभाष चौक, नेत्र चिकित्सालय, चांदनी चौक, झारिया मोरी सहित अनेक इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गये। जिससे लोगों का आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ी लेकिन बारिश के आने से तेज गर्मी व उमस से निजात मिल गई। यहां पर काफी लंबे समय से लोग दिनभर तेज गर्मी का सामना कर रहे थे। दिनभर तेज गर्मी और रात को मौसम में हल्की ठंडक का माहौल बना हुआ था।

# एक करोड़ रुपए की पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब पकड़ी, एक हिरासत में



पुलिस ने ब्लगर टैंकर के चालक को हिरासत में लिया।



अंग्रेजी शराब से भरा सीमेंट का ब्लगर टैंकर।

**पाली,** (निसं)। पाली ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को देर रात कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब से भरा सीमेंट का ब्लगर टैंकर पकड़ा। जिसमें करीब एक करोड़ रुपए की पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब भरी हुई थी। मामले में पुलिस ने शराब से भरा ब्लगर टैंकर जब्त किया जिसमें करीब 800 पंजाब निर्मित शराब कार्टन मिले हैं। जिसकी बाजार कीमत करीब एक करोड़ है। मामले में पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया है।

मुखबिर की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात 2 बजे थाने के बाहर ओवरब्रिज के नीचे नाकाबंदी की। मुखबिर से मिले सूचना के आधार पर जैसे ही सीमेंट का ब्लगर टैंकर सोजत से पाली की तरफ आता दिखा तो उसे रोका। टैंकर में सीमेंट पाउडर भरा होने की बात ड्राइवर ने पुलिस से की लेकिन पुलिस ने जांच की तो उसमें शराब के कार्टून भरे नजर आए। इस पर टैंकर को जब्त कर रात को ही ट्रांसपोर्ट नगर थाने लाया गया और मामले में आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ड्राइवर पंजाब निर्मित शराब गुजरात सप्लाई के लिए ले जा रहा था। टैंकर में करीब 800 कार्टन शराब भरी हुई है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि इस कारवाई में साइबर एक्पर्ट जस्साराम कुमावत व रामनिवास जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

- टैंकर में सीमेंट पाउडर भरा होने की बात ड्राइवर ने पुलिस को बताई

# दिनभर धरने पर बैठे कर्मचारियों के साथ देर रात जयपुर मेट्रो प्रशासन का समझौता

## डायरेक्टर्स के लिखित आश्वासन के बाद 12 सितंबर तक कर्मचारियों का आंदोलन स्थगित



जयपुर मेट्रो के कर्मचारियों ने बुधवार को दिनभर धूप में बैठकर अपनी मांगों को लेकर धरना दिया।

- मेट्रो डायरेक्टर्स ने यूनियन अध्यक्ष व महामंत्री को पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया
- दिनभर चिलचिलाती धूप में बैठकर धरना देने के बाद रात को भी विरोध-प्रदर्शन जारी रखे हुए थे कर्मचारी

**जयपुर** (कासं)। जयपुर मेट्रो के कर्मचारियों की प्रमोशन पॉलिसी बनाने समेत चार सूत्री मांगों को लेकर जयपुर मेट्रो संयुक्त कर्मचारी संघ का आंदोलन आखिरकार बुधवार देर रात स्थगित हो गया। धरनास्थल पर देर रात करीब साढे 9 बजे मेट्रो के चारों डायरेक्टर्स ने कर्मचारियों की मांगों को 11 सितंबर तक पूरी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद यूनियन के लेटर हैड पर दोनों पक्षों की ओर से सहमति के बाद संजय बंसल ईडी (कंपनी मामलात) ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। तत्पश्चात डायरेक्टर (परियोजना प्रोजेक्ट) अखिलेश सक्सेना ने यूनियन अध्यक्ष रामकरण पवांर व डायरेक्टर (कॉर्पोरेट अफेयर्स) महेश बुराडिया ने महामंत्री शंकरलाल शर्मा को जल पिलाकर अनशन तुड़वाया।

अध्यक्ष रामकरण पंवार ने बताया कि डायरेक्टर्स ने प्रमोशन पॉलिसी का ड्राफ्ट वित विभाग को भिजवाने, कर्मचारियों के जीएच में वृद्धि करने, कर्मचारी एसोसिएशन को मान्यता देने तथा हार्ड डयूटी अलाउंस लागू करने संबंधि निर्णय 11 सितंबर तक लेने का आश्वासन दिया है। इसके बाद यूनियन पदाधिकारियों की सहमति के बाद 11 सितंबर तक आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया। यूनियन के महामंत्री शंकरलाल शर्मा ने बताया कि यदि समझौते के मुताबिक मेट्रो प्रशासन ने 11 सितंबर तक उक्त मांगों पर निर्णय नहीं लिया तो 12 सितंबर से पुनः आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

ज्ञात रहे कि मेट्रो कर्मचारियों ने बुधवार सुबह 8 बजे से मेट्रो भवन के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। देर शाम तक तीन बार वार्ता विफल रहने के बाद कर्मचारियों ने रात को भी धरना जारी रखने का निर्णय ले लिया। इस निर्णय के बाद मेट्रो के आला अधिकारी हरकत में आए और एमडी के निर्देश पर चारों डायरेक्टर्स ने यूनियन को ठोस आश्वासन देकर धरना स्थगित करवा दिया। इसके बाद दिनभर से अन-जल त्याग चुके यूनियन अध्यक्ष व महामंत्री का अनशन तुड़वाया। दरअसल बुधवार को कर्मचारियों ने मेट्रो भवन के बाहर प्रदर्शन किया। मुख्य गेट के बाहर सुबह एकत्रित हुए कर्मचारियों को मेट्रो प्रशासन ने अनुमति नहीं दी तो पुलिस ने टैंट नहीं लगाने दिया।

इसके बाद आक्रोशित कर्मचारी चिलचिलाती धूप में ही धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन में जेईएन, स्टेशन कंट्रोल व मेंटेनर शामिल हुए। दोपहर बाद मेट्रो प्रशासन के चारों डायरेक्टर्स के साथ संगठन की वार्ता बेनतीजा रहने के कारण फिर से धरना शुरू कर दिया था। इसके बाद मेट्रो के एमडी धरना स्थल पर पहुंचे और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया, मगर लिखित में जवाब नहीं मिलने के कारण यूनियन ने आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया।

## आर.एस.ए. के प्रयासों से सौर निवेश आकर्षित करने में मदद

**जयपुर,** (का.सं.)। सुनील बंसल- अध्यक्ष राजस्थान सोलर एसोसिएशन के नेतृत्व में आई राजस्थान सोलर एसोसिएशन (आरएसए) प्रतिनिधिमंडल ने आरईआरसी अध्यक्ष- डॉ बी एन शर्मा और ऊर्जा सचिव भास्कर ए सावंत के साथ मुलाकात की।आरआरईसीएल के एमडी अनिल ढाका से भी इस सन्दर्भ में मुलाकात की। आरएसए ने रूफटॉप और ओपन एक्सेस सोलर के लिए संशोधित नवीकरणीय ऊर्जा नियम जारी करने के ऐतिहासिक निर्णयों के लिए आरईआरसी अध्यक्ष को बधाई दी। ये संशोधन राज्य के सौर उद्योग के लिए क्रांतिकारी सकारात्मक बदलाव लाएंगे और इसकी वजह से निवेश के लिए अन्य राज्य और देश वर्तमान बेहतर सौर परिदृश्य में राजस्थान में रुचि ले रहे हैं। इसका राज्य की अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा और अर्थव्यवस्था में सुधार से राज्य के नागरिकों को लाभ होगा। आरएसए ऊर्जा विभाग के समर्थन और प्रयासों के लिए भी आभारी है। आरएसए राजस्थान के लिए नेट जीरो आंदोलन शुरू कर रहा है और यह देश में कैप्टिव सौर ऊर्जा का नेतृत्व करेगा। आरएसए नेट ज़ीरो के लक्ष्य और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 2030 के दृष्टिकोण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी साधन प्रदान करने की पुरजोर वकालत कर रहा है।

## सार-समाचार

### सारस्वत महिला मंडल के चुनाव संपन्न



**जयपुर** । सारस्वत महिला मंडल, जयपुर जिला के चुनाव यहां सारस्वत ब्राह्मण समाज, जयपुर जिला के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा के सानिध्य में निर्विरोध संपन्न हुए। कुलदीप शर्मा अध्यक्ष चुनी गई। महामंत्री पद पर सुनीता उपाध्याय, उपाध्यक्ष राखी शुक्ल और सुनीता ओझा, कोषाध्यक्ष रचना शर्मा, संगठन मंत्री सुमन शर्मा, प्रचार मंत्री सोनी ओझा और डॉक्टर मिनीता ओझा, सांस्कृतिक मंत्री प्रांजल शर्मा और रितु ओझा, विधि सलाहकार एडवोकेट डॉक्टर भारती शर्मा, संयुक्त मंत्री वसुधा सारस्वत, सलाहकार डॉ. रश्मि सारस्वत तथा डॉ सरीना कालिया सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए। सारस्वत महिला मंडल की अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

### अद्वैत को बाल साहित्य पुरस्कार मिला



**जयपुर** । पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी का जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में बुधवार को वार्षिक समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सबसे कम उम्र के बाल साहित्यकार अद्वैत जिन्दल को लक्ष्मी कुमारी चूंडावत बाल साहित्य पुरस्कार प्रदान किया गया। जयपुर के केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक के छात्र अद्वैत को उनके कहानी संग्रह तनव और चुलबुली कहानियां के लिए यह पुरस्कार दिया गया। अकादमी की ओर से राष्ट्रीय पं. नेहरू सम्मान से भोपाल के ख्याति प्राप्त लेखक पीयूष बबेले को नवाजा गया। राजस्थान के वरिष्ठ बाल साहित्यकार स्व. मनोहर वर्मा सम्मान जगदीश प्रसाद शर्मा गिलूण्ड को तथा स्व. लक्ष्मी नारायण रंगा सम्मान डॉ. आईदान सिंह भाटी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर दीनदयाल शर्मा हनुमानगढ़, डॉ. भैंरू लाल गर्ग भीलवाड़ा, डॉ. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी लाड़नू, प्रभात सवाईमाधोपुर, तरूण दाधीच उदयपुर, डॉ. कृष्ण कुमार आशु गंगानगर को बाल साहित्य मनीषी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अकादमी की ओर से प्रकाशित बाल साहित्यकारों की 57 पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया। अकादमी सचिव राजेन्द्र मोहन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का आरंभ दिव्य दृष्टि विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्र वन्दना से हुआ। समारोह में भोपाल की संस्था इकतारा के सहयोग से लगायी गयी पोस्टर एवं पुस्तक का प्रदर्शन किया गया। समारोह में अकादमी द्वारा बालोपयोगी पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई। समारोह में राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष डॉ. राजीव अरोडा मुख्य अतिथि तथा कला संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव डॉ. गायत्री राठौड़ विशेष अतिथि थी ।

### रियल कबड्डी सीजन-3 होगा 22 से शुरू



**जयपुर,** (का.सं.)। साल की सबसे बहुप्रचलित लीगों में से एक रियल कबड्डी सीजन 3 की तारीखों की घोषणा हो चुकी है। आयोजक अटलांचर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इस नए सीजन का आगाज 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक होगा और कबड्डी का यह उत्सव 10 दिन चलेगा। इस साल आयोजकों ने लीग में नकद पुरस्कार भी बढ़ाकर 21 लाख कर दी है और इसमें 311 मैच होंगे। रियल कबड्डी के सीईओ शुभम चौधरी ने बताया कि इस सीजन का सीधा प्रसारण जीओ सिनेमा पर किया जाएगा। आरकेएल के सह-संस्थापक, लविश चौधरी ने कहा कि लीग में वरूण सूद, अंगद बेदी, बसीर अली, शिव ठाकरे और श्रुति सिन्हा जैसे बॉलीवुड कलाकार भी ब्रांड प्रमोटर के रूप में शामिल होंगे। आरकेएल के ब्रांड प्रमोटर रणविजय सिंह ने कहा, मैं शुरूआत से ही रियल कबड्डी का अनुसरण कर रहा हूं और मुझे लगता है कि उन्होंने लीग के साथ शानदार काम किया है। मैं तीसरे सीजन का इंतजार कर रहा हूं और मुझे यकीन है कि यह सीजन बहुत सफल होगा। मैं हमेशा से भारत में लीग-आधारित खेल का हिस्सा बनना चाहता था और वह सपना सच हो गया है।

### आरपीए में अकादमी भवन का उद्घाटन

**जयपुर** । डीजीपी उमेश मिश्रा ने बुधवार को आरपीए में नए अकादमी भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। आरपीए निदेशक एडीजी पीरामजी के अनुसार अकादमी भवन आरपीए के आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसे अधिकारियों के अस्थाई प्रवास के लिए तैयार कराया गया है। इस मौके पर महानिदेशक कानून व्यवस्था राजीव शर्मा, महानिदेशक साईबर अपराध रवि प्रकाश मेहरड़ा, महानिदेशक प्रशिक्षण जंगा श्रीनिवास राव, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस मुख्यालय संजय अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण मालिनी अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस तकनीकी सेवाएं वी के सिंह और आरपीए के अतिरिक्त निदेशक प्रदीप मोहन शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस प्रशिक्षण एप का शुभारंभ

**जयपुर** । आरपीए में तीन दिवसीय पुलिस प्रशिक्षण की सर्वश्रेष्ठ पद्धितयों और प्रशिक्षण प्रणाली पर चल रही राष्ट्रीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। समापन के वक्त डीजीपी उमेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जबकि इसमें देशभर की प्रशिक्षण संस्थानों के प्रमुख और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। डीजीपी मिश्रा ने पुलिस प्रशिक्षण से सम्बंधित एप का भी शुभारंभ किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण सौंपकर पुलिस कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। मिश्रा ने कहा कि पुलिस के समक्ष नवीनतम चुनौतियां हैं, जिनसे निपटने के लिए श्रेष्ठ प्रशिक्षण की जरूरत है। उन्होंने साइबर और आर्थिक अपराधों को गंभीरता से लेते हुए इससे निपटने की बात पर बल दिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण संस्थानों की सर्वश्रेष्ठ पद्धितयों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अपनाई जाने वाली प्रणाली साझा करने पर धन्यवाद दिया।

### दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर,** (का.सं.)। महिला उत्पीड़न मामलों की विशेष अदालत महानगर प्रथम ने मानसिक दिव्यांग लडक़ी से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त भवानी सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने चालीस वर्षीय इस अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि लडकियों की सुरक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। जहां लडक़ी मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है, वहां उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है। अदालत ने कहा कि मामले में एक ऐसा ऑटो चालक है, जिसमें अपनी जिम्मेदारी समझी और दूसरी और अभियुक्त है, जिसने मानसिक दिव्यांग लडकी को अपनी वासना का शिकार बनाया। ऐसी घटनाओं से प्रत्येक महिला के मन में सजा के लोगों के प्रति भय की भावना उजागर होती है और महिला प्रत्येक पुरुष के प्रति डर का भाव लेकर जीती है।

## दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म

**जयपुर** । नाहरगढ़ थाना इलाके में रहने वाली नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल प्रशासन की तरफ से आधार कार्ड की जांच करने के बाद उसके नाबालिग होने का पता चला। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने परिजनों से आधार कार्ड मांगा तो उसमें नाबालिग की उम्र 13 वर्ष लिखी हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि नाबालिग की सही उम्र 16 साल है। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल के बाद नाबालिक के परिचित के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि गणगौरी अस्पताल से सूचना मिली की किसी नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया है। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने नाबालिग व उसके परिजनों से पूछताछ की। बताया जा रहा है कि उसके बुआ के लड़के साजिद (24) ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया था और किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## कर्मचारी महासंघ ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**जयपुर** (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार ने यदि जन घोषणा पत्र-2018 के वादे के मुताबिक राज्य कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों से संबंधित खेमराज कमेटी और सामंत कमेटी के रिपोर्ट को जल्दी ही सार्वजनिक नहीं किया गया और संविदा कर्मियों व ठेकाकर्मियों सहित सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया तो महासंघ (एकीकृत) सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में एक बड़े प्रदेशव्यापी आंदोलन को अंजाम देगा।

इसके लिए महासंघ द्वारा इसी माह प्रदेश महासमिति की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। दरअसल राज्य सरकार के "मिशन-2030" को लेकर कार्मिक सचिव ने हित धारक परामर्श कार्यक्रम में गजेन्द्र सिंह राठौड़ को आमंत्रित किया था। जहां उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि आचार संहिता लागू होने में अब बहुत कम समय शेष है और जन घोषणा पत्र 2018 के वादे अभी अधूरे हैं। ऐसे में 2030 की परिकल्पना का कोई औचित्य नहीं है।

राठौड़ ने कहा कि जिन संगठनों के साथ समझौता वार्ताएं हो चुकी हैं उनकी क्रियान्वित की कार्रवाई भी अभी तक नहीं हुई है। 2030 के कार्य योजना में कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए राठौड़ ने कर्मचारी कल्याण बोर्ड के शीघ्र गठन की भी मांग की है।

## निवेश का झांसा देकर 18.70 लाख रु. ठगे

**जयपुर** । चित्रकूट थाना इलाके में रहने वाले पांच शातिर ठगों ने एक युवक को निवेद कर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर ली। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने कोर्ट इस्तगासे के जरीए मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार हीरा नगर अजमेर रोड निवासी अरविंद कुमार सक्सेना ने मामला दर्ज कराया है कि डी आर मंडल, श्रीमहाजन, राकेश कौशिक, पीए जैन व जतिन ने उसे अपनी बातों में उलझा कर पॉलिसी में निवेश करने का झांसा दिया और अलग-अलग बार में 18 लाख 70 हजार रुपए एच डीएफसी के अकांउट में जमा करवा लिए और फोन बंद कर गायब हो गए। लगातार मोबाइल बंद आने पर पीड़ित को खुद के साथ हुई ठगी का एहसास होने पर उसने कोर्ट के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

उधर झोटवाड़ा में एटीएम बूथ से पैसे निकालने गई महिला के पिन नम्बर बूथ पर मौजूद दो अन्य बदमाशों ने देख लिए और उसके जाने के बाद तीन बार में हजारों रुपए निकाल लिए। पीड़िता को मामले की जानकारी उसके मोबाइल पर आए मैसेज से चली। जिस पर पीड़िता ने कस्टमर केयर पर कॉल कर एटीएम कार्ड ब्लॉक कराया। कार्ड ब्लॉक होने के बाद पीड़िता ने थाने पहुंच अज्ञात बदमाशों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कराया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को तलाश रही है।

## 'लोगों की सोच बदलें तो महिलाओं के प्रति अत्याचार व अपराध घटित न हों'

### अधिवक्ता परिषद् ने मनाया 32 वां स्थापना दिवस



अधिवक्ता परिषद् के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए न्यायमूर्ति अनिल कुमार उपमन ( दायें ) का स्वागत राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह ( बीच में ) और रिटायर्ड न्यायाधीश जी.एस.हूरा ( बायें ) ने किया।

**जयपुर** (कासं)। अधिवक्ता परिषद् राजस्थान जयपुर प्रांत (राजस्थान हाईकोर्ट) की ओर से सी-स्कीम स्थित सेंट सोल्जर स्कूल सभागार में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् का 32वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनिल कुमार उपमन ने दिनों-दिन बढ़ रहे केसेस की स्थिति को लेकर बड़ा सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा, "ज्यादा लिटिगेशन को हमें सकारात्मक रूप से लेना चाहिए। यह हमारे देश के नागरिकों के जागरूक होने का संजीव उदाहरण है। हमें महिलाओं के लिए कानून बनाने की बजाय हमें लोगों की सोच बदलने का प्रयास करना चाहिए। ताकि उनके प्रति किसी प्रकार का कोई अत्याचार या अपराध घटित ना हो।"

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सीमा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि, हमारी सनातन संस्कृति में अधिकारों के बजाय कर्तव्यों पर विशेष महत्व दिया गया है तथा हमारा कोई भी कार्य धर्म आधारित रहा है।

हमारी भारतीय संस्कृति में राष्ट्र धर्म, राज्य धर्म एवं नागरिक धर्म के बारे में वर्णन करते हुए सभी के अपने-अपने कर्तव्यों के बारे में बताया है। यदि हम सभी अपने कर्तव्यों की पूर्ति कर लें तो किसी भी व्यक्ति अथवा समाज को अपने अधिकारों के लिए लड़ने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 में न्यायालय को असीमित शक्तियां इसलिए दी गई है, ताकि हमारे राष्ट्र धर्म, राज धर्म व नागरिक धर्म की रक्षा हो सके। हमारी संस्कृति में व्यक्तिगत हितों से अधिक सामाजिक हित को महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी गई है लेकिन हमारी भारतीय संस्कृति-भारतीयता हमें सिखाती है कि हमें कब, क्या और कितना बोलना है? ताकि किसी भावना को ठेस नहीं पहुंचे।

डॉ. शिव सिंह ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का विशेष महत्व है। जब किसी देश या समाज में अर्थ, काम और मोक्ष धर्म आधारित हो जाएंगे तो सभी प्रकार के अपराध स्वतः ही अपने आप बंद हो जावेंगे। अतः हमारा अर्थ, हमारा काम एवं हमारा मोक्ष धर्म आधारित होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बार कौंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता बीरी सिंह सिनसिनवार ने कहा कि हमें अपने महत्वपूर्ण समय में से कुछ समय समाज में देश हित के लिए निकालने की आवश्यकता है, तभी हमारी भारतीय संस्कृति एवं भारतीयता अक्षुण रह सकेगी। अधिवक्ता परिषद राजस्थान जयपुर प्रांत के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, एडवोकेट ने कार्यक्रम की जानकारी साझा की।

## जन्माष्टमी पर नौनिहाल बने राधा-कृष्ण



**जयपुर,** (का.सं.)। मक्खन की मटकी, फूलों से सजी बांसुरी, मोर पंखी से सजी पोशाकों में नन्हें मुन्हों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कुछ ऐसा ही नजारा था स्टूडियो बिग बॉस की ओर से जन्माष्टमी के पर्व पर बाल गोपाल प्रतियोगिता के आयोजन का। बिड़ला सभागार में बुधवार शाम आयोजित हुए कार्यक्रम में शहर के 200 बच्चों से ज्यादा ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अट्रेक्शन डांस ग्रुप की ओर से राधा कृष्ण लीलाओं से प्रेरित मनमोहक डांस प्रस्तुति से हुआ। जिसके बाद 6 ग्रुप्स में बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें नवजात बच्चों को माओं ने अपनी गोद में लेकर रैंप वॉक की। इसी के साथ 1 से 3 साल के बच्चों को माता पिता उंगली थामे मंच पर लेकर आए। बच्चों की अठखेलियों और मासूमियत से मोहित हुए जजेज ने सभी ग्रुप्स से सजावट, श्रृंगार और तैयारी को देखते हुए राधा और कृष्ण का चयन किया। जिसके साथ ही बाकी सभी बच्चों को सहभागिता के लिए मोमेंटो भेंट स्वरुप दिए जाएंगे।

कार्यक्रम के बारे में स्टूडियो बिग बॉस स्टूडियो से अशोक राज सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए परिजनों को साल भर इंतज़ार रहता है। ऐसे में कार्यक्रम के घोषणा के साथ ही माओं का उत्साह भी देखने लायक होता है।

## जन्माष्टमी आज, वृंदावन सा सजा जयपुर

**जयपुर** । भाद्रपद शुक्ल अष्टमी को गीताकार भगवान कृष्ण का अवतरण आज जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाएगा। मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन बुधवार देर रात तक तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा रहा। पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। बुधवार को अष्टप्रहर हरि नाम संकीर्तन प्रारंभ हो गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने वैष्णवजनों के तिलक किया। गुरूवार को मंदिर के मुख्य द्वार एवं निकास कुआ द्वार पर शहनाई वादन होगा। मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी ने बताया कि सुबह मंगला झांकी से ही दर्शनार्थियों की दर्शन व्यवस्था प्रारंभ हो जाएगी। तीन लाइनों की व्यवस्था की गई है। गुरूवार रात्रि 10 से 11 बजे तक गोविंद मिश्र कृष्ण जन्माष्टमी व्रत कथा का पाठ होगा, रात्रि 12 बजे 31 तोपों की सलामी व विशेष आतिशबाजी होगी। रात्रि 12 बजे गोविंद अभिषेक दर्शन खुलेंगे। इस दौरान 6 पंडित वेद पाठ करेंगे। शालिग्राम पूजन एवं पांच द्रव्यों के पूजन बाद ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक होगा। देसी नस्ल की गाय के गोबर और गोमूत्र से अभिषेक के बाद 25 जड़ी-बूटियों से तैयार सर्वोषधि से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद केसर मिश्रित जल से सहस्त्रधारा की जाएगी।

## जन्माष्टमी पर यातायात व्यवस्था में संशोधन

**जयपुर** । यातायात पुलिस ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दौरान पूर्व में की गई यातायात व्यवस्था में संशोधन किया गया है। पुलिस उपायुक्त यातायात प्रहलाद सिंह कृष्णियाँ ने बताया कि दिनांक गुरूवार को गोविन्द देव जी मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था में संशोधन किया गया है। इसके तहत पौण्ड्रिक उद्यान तिराहा से चौगान चौराहा की तरफ तालकटोरा रोड पर केवल दुपहिया वाहन एवं तालकटोरा रोड के स्थानीय निवासियों के चौपहिया वाहनों के आने के लिए वन-वे व्यवस्था रहेगी। इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी। चौगान चौराहा से तालकटोरा रोड की तरफ जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। चौगान चौराहे से पौण्ड्रिक उद्यान तिराहा की तरफ जाने वाले स्थानीय निवासियों के सभी प्रकार के वाहन गणगौरी हॉस्पीटल ब्रह्मपुरी रोड होते हुए पौण्ड्रिक उद्यान की तरफ से अपने गन्तव्य स्थान जा सकेंगे। पौण्ड्रिक उद्यान पार्किंग एवं कंवर नगर की तरफ आने वाले चौपहिया वाहन पौण्ड्रिक उद्यान तिराहा से ब्रह्मपुरी रोड होते हुये गन्तव्य तक जा सकेंगे।

## कार्यकारिणी गठित

**जयपुर** । अखिल भारतीय विप्र महासंघ सेवा समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबिका दत्त कौशिक ने बताया की नरोत्तम लाल शास्त्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बुद्धिप्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष, केशव प्रसाद शर्मा को महामंत्री, नितिन शर्मा को कोषाध्यक्ष, राजेश शर्मा को प्रवक्ता बनाया है।

## एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के सामने धरना दे रहे एम्बुलेंस कर्मियों को हटाया

### पुलिस ने बुधवार रात आठ बजे एम्बुलेंस कर्मियों को शहीद स्मारक पर शिफ्ट किया

- इससे पूर्व चिकित्सा विभाग ने कर्मचारियों के कब्जे से एम्बुलेंस लेकर जीवीके कंपनी के झालाना स्थित कार्यालय में पहुंचायी

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में एम्बुलेंस कर्मचारियों की चल रही हड़ताल बुधवार को पांचवें दिन जारी रही। इस दौरान दिनभर के धरना प्रदर्शन के बाद आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को पुलिस ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सामने से हटाकर एमआई रोड स्थित शहीद स्मारक पर शिफ्ट कर दिया।

राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र शेखावत ने बताया कि एम्बुलेंस कर्मियों की हड़ताल लगातार जारी है। बुधवार को सरकार की ओर से एम्बुलेंस कर्मचारियों से कोई वार्ता नहीं की गई।

इससे पहले देर रात से आंदोलनकारियों से समझाइश की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने हड़ताल समाप्त नहीं की। इसके बाद सुबह बगैर अनुमति के धरने पर बैठे एम्बुलेंस कर्मियों को हटाने के लिए पुलिस का भारी जाप्ता मौके पर पहुंच गया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के बाहर सड़क पूरी तरह पुलिस छावनी में तब्दील हो गई।

हालांकि इस दौरान डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव और एम्बुलेंस कर्मियों के बीच वार्ता हुई। यादव ने एम्बुलेंस कर्मियों से लिखित में अपनी मांगे देने को कहा। इसके बाद रात करीब आठ बजे पुलिस ने धरना दे रहे एम्बुलेंस कर्मचारियों को बसों के जरिए शहीद स्मारक पर शिफ्ट कर दिया। इससे पहले चिकित्सा विभाग ने कंपनी के जरिए आंदोलन कारियों से एम्बुलेंस को अपने कब्जे में लेकर जीवीके कंपनी के झालाना स्थित कार्यालय पहुंचाई। हालांकि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से कब्जे में ली गई एम्बुलेंसों को चलाया नहीं जा सका। चिकित्सा विभाग ने सख्ती अपनाते हुए 108 एम्बुलेंस का संचालन कर रही जीवीके कंपनी के प्रबंधन को चेतावनी दी है कि वह जल्द से जल्द सेवाएं सुचारू करे वरना टेंडर शर्तो के मुताबिक कार्यवाही की जाएगी।

इधर एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल के कारण सभी जिलों में हालात बिगड़ गए है। इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो रहीं है। मरीजों को अस्पताल आने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रैफर केस के दौरान अस्पतालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ARBIT it happens here...



## The Oldest Instrument in the World!

The Flute is 'Probably' the Oldest Instrument in the World! What a statement, but as far as historians can tell, this is actually true. An artefact was found at the Divje babe archaeological site in Slovenia in 1995 that experts believe is a flute played by Neanderthal man. It's believed it was the femur bone from a cave bear that the player has carved tone holes into. This means it is probably around 50,000 to 60,000 years old!

राष्ट्रदूत
THURSDAY
07 September 2023
A-B

#WISDOM

# Jai Shree Krishna!

## Life Changing Lessons to Learn from Lord Krishna



Krishna – The God, anybody who has read an ancient Indian epic Mahabharata knows about pivotal figure Lord Krishna. He is the eighth avatar of Vishnu and is one of the most widely admired deities in Hinduism.

Krishna, more than a Hindu God, is a true spiritual guru that this universe has ever witnessed. He reformed the spiritual and sequential destiny of mankind. He educated the world about devotion and dharma as well as the eventual reality.

Shri Krishna has been role model for the people in every sense in the past, in today modern world and certainly will remain in ages to come.

The most popular book in India – The Bhagavad Gita often referred to as simply the Gita, is a 700 verse Hindu scripture in Sanskrit. It is a part of the Hindu epic Mahabharata, where during the righteous war between Pandavas and Kauravas in the battle of Kurukshetra, Lord Krishna enlightens Arjuna with his wisdom. It teaches many life lessons that can be easily applied to our daily lives. Let's have a look at the some life changing lessons or teachings from the God himself.

### Importance of Karma

Lord Krishna through the Gita tells us that whenever we are in any kind of a moral dilemma then we should excel in our emotions and concentrate on our duty i.e. dharma.

Emotions make us weak, and we tend to deviate from the path of duty. The path of dharma is objective in nature, whereas emotions of love, hate, jealousy, attachment are subjective in nature. Emotions shouldn't be higher than the path of dharma.

As per Lord Krishna, the mind can only be at peace when we make out Kurukshetra, which is our personal battlefield as our dharamkshetra or ground of duty.

### Whatever happens, it happens for good

Lord Krishna says that everything happens for a reason. If you are going through a bad phase there must be a reason, and if you might be basking in glory, then also there is a reason. So, it is a cycle and quietly you need to accept it.

Don't worry about the future, nor should you pay attention to the past. But you only can have control over the present. That is why it's said that you can only have control over the present, so live it to the fullest.


### Goodwill always be rewarded

Lord Krishna says that 'the doer of good never come to grief'. A person who will follow his duty will be protected by Lord Krishna. He also says humans are creatures of intellect and have the freedom of choice.

The choices that we make in our lives will dictate our fate. Those who choose to do good, are protected by Lord Krishna, and those who choose the path of adharma perish by their own wrongdoing.

### No job is big or small

Lord Krishna says that a job is a job, there is no big or small job. You should love your job and give your best while at your job and it does not matter that the job is how much big or small.





Bharali Namghjhar. Here there are no images of Krishna. He is accessed only through chanting, singing, dancing and performances.



In Kerala, Sanskrit poetry known as Narayaniyum tells the story of the Bhagavata Purana in a very short form and it is popular in the Guruvayur temple.



Lord Krishna with his head on the lap of the Alvar saint Andal. Alvars were Tamil poet-saints devoted to the bhakti of 'Lord Vishnu' ('Narayan' or 'Perumal') and his incarnations.



The Krishna who became popular in South East Asia over 1,000 years ago is Vasudev Krishna of the Mahabharata, not Gopal Krishna of the Bhagavata.



The only auspicious part of the Mahabharata is the Bhagavad Gita.



# Retelling The Story of Krishna

Stories of Krishna abound in the Buddhist and Jain traditions. In the Jain Mahabharata, the battle is not between the Kauravas and Pandavas. The battle is between Krishna of Dwaraka and Jarasandha, the emperor of Magadha, in which the Pandavas support Krishna and the Kauravas support Jarasandha. It is important to note that the Jain Mahabharata runs along the east-west axis of India: Jarasandha is in Magadha, in the east, and Krishna is in Dwaraka, in the west. The Buddhist Jatakas make no direct reference to Krishna, but a Krishna-like character appears in the Ghata Jatakas, where his quality as a wrestler is highlighted. When he mourns the death of his son, he is consoled by Ghata-Pandita, who is the Bodhisattva.



Devdutt Pattanaik
*Mythologist, writer, columnist, illustrator*

#SPOTLIGHT

Having written illustrated histories of two mythological figures — Jaya and Sita — Devdutt Pattanaik has retold the life story of Krishna. Indeed, in his book Shyam: An Illustrated Retelling of the Bhagavata, Devdutt Pattanaik gives us a "never seen before glimpse into Krishna's life and world."

Retelling the story "from Krishna's birth to his death", Pattanaik weaves a narrative around "his descent to the butter-smeared world of happy women and his ascent from the blood-soaked world of angry men".

"The Bhagavata is the story of Krishna, known as Shyam to those who find beauty, wisdom and love in his dark complexion. It is the third great Hindu epic after the Mahabharata and the Ramayana," says Pattanaik in his introduction.

Pattanaik refuses to adhere to the majestic tales and folklore of our land about the God that Krishna is, but narrates the story as it may have happened in the past times. Without questioning beliefs and sentiments, Pattanaik colours his book on the palette of history interspersing it with the hues of mythology.

In the whole process, one can see that he tries to determine religion with the lens of logic, but nowhere in the book can his love for Krishna be questioned. His faith in his subject remains unwavering till the end. This in itself is a prime example of questioning religion without losing trust in it.

Pattanaik is aware that the definition of dharma keeps changing with time, and so does its ideals. Ram's dharma was in his actions — for him his dharma was identifying right from the wrong and following the correct path. So was Yudhishthira's dharma. Krishna taught dharma through love; Buddha's dharma is equality. The beauty of Hinduism lies in the fact that it doesn't restrict its followers; we can choose our own dharma, but again the definition of each one's dharma is different from the other.

The story of Krishna from start to finish is a bit of a jigsaw puzzle, with anecdotes from here, there and everywhere. His story comes to us in fragments via Sanskrit literature, first in the Mahabharata (that speaks of Krishna's adulthood amongst the Pandavas), then in the Harivamsa (that speaks of his pastoral foster family), then in the Vishnu Purana (that refers to him as Vishnu's avatar), then the now popular Shrimad Bhagavata Purana (that refers to the dance with milkmaids at night) and the Geet Govind of Jayadeva (that introduces us elaborately to Radha).



Krishna's life in Dwaraka is something of a mystery



neminath, the 23rd Jain Tirtankhar, is believed in Jainism to be the cousin of Krishna and his iconography includes the same conch as found with the Hindu god Vishnu.



Vithoba of Pandharpur

> Ram is different from Krishna because Ram does not know he is Vishnu, while Krishna does. Ram is the seventh avatar and Krishna is the eighth in popular traditions. For Krishna devotees, Krishna is the greater avatar of Vishnu, the greatest even, the complete avatar (poorna-avatar), the most perfect personal manifestation (saguna brahman) of the impersonal divine (nirguna brahman).

Of course, Krishna's story may have been transmitted in its entirety orally for thousands of years before being put down in writing. That we will never know. What we do know is that the Mahabharata reached its final textual form about 2,000 years ago, Harivamsa around 1,700 years ago, Vishnu Purana around 1,500 years ago, the final layers of the Bhagavata Purana came together 1,000 years ago, and the Geet Govind about 800 years ago.

Few retell the story of Krishna from birth to death sequentially, as they do for Ram. Of course, the devout will never say Ram or Krishna died! They will speak of their descent from Vaikuntha as avatars, and their return to Vaikuntha.

Ram is different from Krishna because Ram does not know he is Vishnu, while Krishna does. Ram is the seventh avatar and Krishna is the eighth in popular traditions. For Krishna devotees, Krishna is the greater avatar of Vishnu, the greatest even, the complete avatar (poorna-avatar), the most perfect personal manifestation (saguna brahman) of the impersonal divine (nirguna brahman).

So, for many devotees, Krishna's heaven of Goloka stands higher than Vishnu's heaven of Vaikuntha. Vaikuntha is located in the ocean of milk, but all this milk comes from the udders of cows located in Goloka. These cows voluntarily release their milk because they are so moved by the music of Krishna who, inspired by the beauty and love of Radha, plays the flute as he stands under the celestial Kadamba tree which, in Goloka, takes the form of Kalpavriksha, the divine wish-fulfilling tree.

While there are many common and continuous stories of Krishna across India, Krishna is different in different parts of India, and the world. In Maharashtra, people connect with Krishna through the image of Vithoba of Pandharpur. Poet-saints of Maharashtra such as Eknath, Tukaram, and Gyaneshwar brought Krishna to the masses. In Rajasthan and Gujarat, Krishna is accessed through Shrinathji of Nathdwara.

People from Odisha connect with Krishna through the local image of Jagannath in Puri temple. In Assam, it is through the many Namghars, which was established over 500 years ago by Shankardev. Here, there are no images of Krishna. He is accessed through chanting, singing, dancing and performances.

In Tamil Nadu, Krishna is rarely distinguished from Vishnu. He inspired the collective of poets known as Alvars. In Kerala, about 400 years ago, the Sanskrit poetry known as Narayaniyum was composed. It tells the story of the Bhagavata Purana in a very short form and it is popular in the Guruvayur temple. North India is completely unaware of these traditions.


In South East Asian countries like Cambodia, Krishna is heroic. He wrestles and defeats demons, but there are no references to his pastoral roots. So, the Krishna who became popular in South East Asia over 1,000 years ago is Vasudev Krishna of the Mahabharata, not Gopal Krishna of the Bhagavata. Krishna is thus very different when seen through the lens of geography, as he is when seen through the lens of history.

The Mahabharata is traditionally considered inauspicious because it deals with bloodshed and the breakup of a family. This is why people prefer retelling stories of Krishna's childhood and youth with his mother Yashoda and his beloved Gopikas from the Bhagavata Purana.

The only auspicious part of the Mahabharata is the Bhagavad Gita, a summary of Hindu philosophy narrated by Krishna to Arjun on the battlefield of Kurukshetra. Had there not been a Bhagavad Gita, people would not have given so much value to the latter half of Krishna's life. There are stories full of household quarrels; Krishna multiplies himself to give attention to each of his 16,108 wives

The Bhagavad Gita introduces us to bhakti yoga 2,000 years ago. The Bhagavata Purana elaborates it in fine detail nearly 1,000 years ago. The former gave an intellectual foundation to the latter's emotional approach to God that swept across India as the bhakti movement about 500 years ago.


In this period, local poets such as Meera of Rajasthan and Salabega of Odisha and Narsi Mehta of Gujarat and Vidyapati of Mithila and Tukaram of Maharashtra composed songs on Krishna, bringing him closer to the masses. In their songs, stories of the Bhagavata Purana blended with the philosophy of Bhagavad Gita.



Krishna takes the form of Mohini



Shrinathji of Nathdwara.



People prefer retelling stories of Krishna's childhood and youth with his mother Yashoda

> Krishna's life in Dwarka is something of a mystery: few stories of Krishna, the husband and householder are retold. People are familiar with his two most well-known wives, Satyabhama and Rukmini. Many of the Puranas refer to his eight senior queens, and there is also reference to over 1,000 junior wives he gave shelter to after the conquest of Narakasura. These stories are full of household quarrels.

Stories of Krishna abound in the Buddhist and Jain traditions. In the Jain Mahabharata, the battle is not between the Kauravas and Pandavas. The battle is between Krishna of Dwaraka and Jarasandha, the emperor of Magadha, in which the Pandavas support Krishna and the Kauravas support Jarasandha. It is important to note that the Jain Mahabharata runs along the east-west axis of India: Jarasandha is in Magadha, in the east, and Krishna is in Dwaraka, in the west.

The Buddhist Jatakas make no direct reference to Krishna, but a Krishna-like character appears in the Ghata Jatakas, where his quality as a wrestler is highlighted. When he mourns the death of his son, he is consoled by Ghata-Pandita, who is the Bodhisattva.

Krishna's life in Dwarka is something of a mystery: few stories of Krishna, the husband and householder are retold. People are familiar with his two most well-known wives, Satyabhama and Rukmini. Many of the Puranas refer to his eight senior queens, and there is also reference to over 1,000 junior wives he gave shelter to after the conquest of Narakasura. These stories are full of household quarrels.

Krishna has to be a good husband to maintain domestic harmony between competing wives. There are stories about how he multiplies himself to give full attention to each of his 16,108 wives. These are, of course, metaphors explaining at one level Krishna's ability to manage complex situations, and at another level establishing him as divinity.

Some folk narratives of Krishna draw attention to his androgynous nature. Look at Krishna's statues in Odisha: he bends like a dancer, which is not how a modern macho man would stand, and he has a braid and nose rings to connect with his mother and to Radha.

In many temples, his image is dressed in female attire (Stri-vesha) on festival days to remind us of Krishna's feminine form, Mohini. In one South Indian folk story, Krishna and Arjun go around the country, dressed as an old woman and a young girl respectively, tricking villains to do their bidding.

The Mahabharata is traditionally considered inauspicious because it deals with bloodshed and the break-up of a family. In a tale from north Tamil Nadu, Arjuna's son, Aravan, by a Naga woman called Ulupi, has to be sacrificed before the war at Kurukshetra. But he refuses to be sacrificed until he gets married. Since no woman is willing to marry him, Krishna takes the form of Mohini and becomes his bride for one night. The next day, Mohini wails for him as a widow.

In the raas leela, only Krishna is supposed to be male. So, when Shiva wants to participate in the raas leela, he takes the form of a gopika and so is worshipped in Vrindavana even today as Gopeshwar Mahadev. Likewise, Arjun and Narada both take the form of women to gain access to the raas leela as per the Padma Purana.


The Krishna stories are unique for their great compassion for the villains. Kamsa, Jarasandha and Duryodhana are the three main villains in Krishna lore. All three are said to have traumatic childhoods: Kamsa is a child of rape who is rejected by his mother at birth. Jarasandha is born malformed at birth; his father's two queens each give birth to half his body and the two halves are then fused together by the ogress called Jara. Duryodhana's mother is blindfolded in solidarity with his blind father, so he is unseen by his parents all his life.

This explains that people perceived to be evil often have been wronged, which makes them so insecure that they become insensitive and dehumanised.

It's not easy to understand religion as it's not easy to understand God. Millions of sages have been trying to solve this mystery of the universe for ages and yet we are nowhere near to the one question we have been asking since the time immemorial, the question of our existence. Pattanaik helps us understand Krishna; if you understand his love, you may get closer to him.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बाइक से भरे कंटेनर में भीषण आग लगी, ड्राइवर जिंदा जला

## आग में लाखों की बाइक भी जली, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर से ब्यावर जा रहे एक कंटेनर में ब्यावर रोड तबीजी गैस प्लांट के पास बुधवार अलसुबह करीब सवा पांच बजे अचानक आग लग गई। कंटेनर में आग लगने से ड्राइवर जिंदा जल गया, साथ लाखों रुपए की बाइक्स भी जलकर स्वाह हो गई। आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और दमकल को सूचना दी तब कंटेनर में लगी भीषण आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि चालक को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला जिसके कारण चालक कंटेनर में जिंदा जल गया। मांगलियावास थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक के जले हुए शव को कंटेनर से निकलवाकर जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस चालक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है।



ब्यावर रोड स्थित तबीजी के निकट गैस प्लांट के पास कंटेनर में भीषण आग लग गई।

मांगलियावास थाना प्रभारी ने सुनील टाडा ने बताया कि नेशनल हाईवे संख्या 8 पर बुधवार सुबह अचानक चलते कंटेनर में आग लग गई। इस भीषण आग में कंटेनर में मौजूद ड्राइवर भी जिंदा जल गया है। घटना सुबह 5:20 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटनास्थल से महज 100 मीटर दूरी पर तबीजी गैस प्लांट भी है। यहां भी फायर ब्रिगेड की गाडियां मौजूद थी, लेकिन अजमेर से दमकलों को बुलाया गया, जिन्हें घटनास्थल पर पहुंचने में एक घंटा लगा, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया।

थाना प्रभारी ने टाडा ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग की गाड़ी को बुलाया गया। कंटेनर में आग लगने से जयपुर

■ घटनास्थल से महज 100 मीटर दूरी पर तबीजी गैस प्लांट भी है

फागी निवासी हनुमान माली की जिंदा जलने से मौत हो गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कंटेनर अजमेर से ब्यावर की तरफ जा रहा था, जिसमें नई बाइक लोड की गई थी। वह भी पूरी तरह से जल चुकी है। थाना प्रभारी ने टाडा ने बताया कि इस दौरान हाईवे पर सुबह-सुबह जाम की स्थिति हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को सड़क किनारे रखवाया। फिलहाल पुलिस ट्रक में आग लगने के कारणों की जांच में जुटी है। ड्राइवर की बॉडी को जेएलएन अस्पताल के मुर्दाधर में सुरक्षित रखवा दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजन की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम की कार्यवाही होगी, उसके बाद शव परिजन को सुपुर्द किया जाएगा।

# निविदाओं में भारी अनियमितता, ठेकेदारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## निविदाओं में भारी अनियमितता बरतकर राजकोष को नुकसान पहुंचाने का मामला

**पावटा, (निसं)।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा में कई निविदाओं में भारी अनियमितता बरतकर राजकोष को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आते ही ठेकेदारों में भारी रोष व्याप्त हो गया। जिसको लेकर ठेकेदार महावीर चावला के नेतृत्व में ठेकेदारों ने कोटपुतली बहरोड जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को ज्ञापन सौंपा। वही इस मामले मे नगरपालिका पावटा प्रागपुरा चेयरमेन, अभियंता एवं अधिकारी की मिलीभगत का आरोप भी लगाया।

जानकारी देते हुए ठेकेदार संघ अध्यक्ष महावीर चावला ने बताया कि तीनों ने मिलकर अपनी निजी फर्म बना रखी है। इस मामले में कई बार शिकायत भी की गई लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नही हुई। बार- बार टेंडर ऑफ लाइन करवाते है ताकि सारा मामला इनके अधीन रहे, पहले ऑनलाइन टेंडर में 25 प्रतिशत बिलों में 2 करोड के कार्य जारी किये गए थे। ज्यो कि गुणवत्तापूर्वक व काफी मजबूत है, ऑफ लाइन टेंडर में गुणवत्ताहिन व कमजोर है। ठेकेदारों ने कोटपुतली बहरोड जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को ज्ञापन सौप



ठेकेदार महावीर चावला के नेतृत्व में ठेकेदारों ने जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

टैंडरों की जांच करवा आगे के लिए पाबंद करने की मांग की।

इस मामले में चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल का कहना है कि पालिका में सभी कार्य नियमानुसार हो रहे है। इस मामले में कोई गडबड नही है, जांच हो जाएगी। वहीं इस संबंध मे अधीशाषी अधिकारी मनीषा यादव व जेईएन राम रतन से संपर्क करना चाहा लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। इस मौके पर ठेकेदार ठेकेदार संघ अध्यक्ष महावीर चावला, टिंकू चावला, अजय चावला, भरपाई देवी सहित ठेकेदार मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो जातरुओं की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** जैसलमेर हाइवे पर अरना झरना व 12 मील के बीच तेज रफ्तार व लापरवाही से आई बोलेरो पिकअप की सामने से आई एक अन्य बोलेरो पिकअप से भिड़ंत हो गई। हादसे में दो जातरुओं की मौत हो गई। वहीं पांच अन्य घायल हो गए। राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने बताया कि 12 मील से निकलने के बाद देर रात अरना झरना से पहले निर्माणाधीन हाइवे के पास पहुंचे। तभी सामने से आई एक अन्य बोलेरो पिकअप की टक्कर हो गई। रामदेवरा से आ रही पिकअप की ट्रॉली में सो रहे जातरू चपेट में आ गए। जालोर जिले में भाद्राजुन थानान्तर्गत रेवड़ा कला निवासी रमेश (31) पुत्र नारायण लाल पटेल और पाली में खेड़ा की ढाणी निवासी तेजाराम (36) पुत्र टीकमराम पटेल की मौत हो गई। एएसआई पाबूदान सिंह ने बताया कि हादसे में दयालपुरा निवासी ओमप्रकाश उर्फ ओमाराम पुत्र हनुमानराम पटेल, पाली में खोडिया बालाजी निवासी भागीरथ पुत्र मोडाराम पटेल, खेड़ा की ढाणी निवासी सोहन पुत्र गोपाराम पटेल, पाली निवासी मांगीलाल कुमावत व विक्रम लोहार घायल हो गए।

## 36 लाख का अवैध डोडा-चूरा पकड़ा

**अजमेर, (नि.सं.)।** पुलिस मुख्यालय जयपुर क्राइम ब्रांच की टीम ने केकड़ी जिले के भिनाय थाना क्षेत्र के गोवलिया गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को पकड़ कपास के खेत में छुपा कर रखे कट्टों से 348 किलो 300 ग्राम उच्च क्वालिटी का डोडा-चूरा बरामद किया है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 36 लाख रुपए है।

■ कपास के खेत में छुपा कर रखे कट्टों से डोडा-चूरा बरामद किया

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच की सूचना पर मौके पर पहुंची भिनाय थाना पुलिस की टीम ने गोवलिया गांव के ही विक्रम सिंह रावत पुत्र बालू (19) और दीपक रावत पुत्र मदन लाल (20) को गिरफ्तार किया है। इस बारे में सीआईडी के एसएसआई बनवारी लाल शर्मा को सूचना प्राप्त हुई कि केकड़ी जिले के भिनाय थानान्तर्गत गोवलिया गांव में मदनलाल रावत के खेत पर भारी मात्रा में मादक पदार्थ छुपा कर रखा गया हैं।

एडीजी एमएन ने बताया कि आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के सुपरविजन में सूचना पुख्ता कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मलिक व पुलिस उप निरीक्षक सुभाष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। क्राइम ब्रांच व भिनाय थाना पुलिस की टीम ने गोवलिया गांव पहुंच खेत में छुपा कर रखे 21 कट्टों से उच्च क्वालिटी का 348 किलो 300 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद कर मौके से आरोपी विक्रम रावत व दीपक रावत को डिटेन किया। एडीजी ने बताया कि अवैध डोडा चूरा जप्त कर दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में एएसआई बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल सुरेश व सोहन सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार व कुलदीप सिंह की विशेष भूमिका रही जबकि कांस्टेबल सोहन देव का तकनीकी क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा।

## छात्र ने फांसी लगाई

**डूंगरपुर, (निसं)।** रामसागडा थाना क्षेत्र में गामडी अहाडा यादव बस्ती में एक युवक ने पड़ोस के निर्माणाधीन मकान में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय युवक की मां चाय बना रही थी। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। रामसागडा थाना के पुलिस ने बताया कि कांतिलाल पुत्र मनजी यादव, निवासी गामडी अहाडा, यादव बस्ती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कांतिलाल ने बताया कि उसका बेटा बंटी मंगलवार शाम के समय घर से गायब था। पत्नी घर में चाय बना रही थी। बेटे की आसपास तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं लगा। बाद में उसका शव पड़ौस में भाई भाणजी पुत्र मनजी यादव के निर्माणाधीन घर में सीढियों के दरवाजों से फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। घटना की सूचना पर रामसागडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से उतारने के बाद डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। जहां परिजनों ने उसकी मौत पर किसी भी तरह के शक से इंकार कर दिया। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# 'कोटा एयरपोर्ट के लिए केंद्र सरकार ने एक रुपया भी खर्च नहीं किया'

**कोटा, (निसं)।** कोटा एयरपोर्ट के संदर्भ में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा इसके साथ ही उन्होंने कोटा एयरपोर्ट के लिए राज्य सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 3 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की बात करती है। लेकिन कोटा एयरपोर्ट के लिए 106 करोड़ रुपए नहीं निकाल पा रही है। गृहमंत्री गृहमंत्री अमित शाह यह कह रहे हैं कि उन्होंने 6000 करोड़ रूपया कोटा एयरपोर्ट के लिए दिया है। जबकि कोटा एयरपोर्ट के लिए अभी तक केंद्र ने 1 रूपया भी खर्च नहीं किया है।

धारीवाल ने कहा कि एक रिपोर्ट में तो यह कहा जा रहा है कि कोटा एयरपोर्ट के निर्माण पर 1000-1200 करोड रुपए खर्च होगा। जबकि दूसरी तरफ गृहमंत्री अमित शाह 6000 करोड़ रुपए खर्च करने की बात कर रहे हैं। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा

■ यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की

एयरपोर्ट के निर्माण के लिए राज्य सरकार एवं नगर विकास न्यास द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय की पालना में एयरपोर्ट ऑथोरिटी को निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराने का कार्य यूआईटी द्वारा पूरा कर दिया गया है। डायवर्जन की राशि की प्रथम किश्त भी वन विभाग में जमा करा दी गई है। स्वायत्त शासन मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार ने एयरपोर्ट ऑथोरिटी के जरिए 2019 में सरकार से कोटा में ग्रीन एयरपोर्ट बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग थी। राज्य सरकार ने सहमति दी जिसके 7 माह बाद अगस्त 2019 को एयरपोर्ट ऑथोरिटी का चार सदस्य दल आया। उन्होंने फिजिबिलिटी देखकर चित्तौड़ जयपुर मार्ग पर वन-वे नगर विकास न्यास के स्वामित्व की 1346 हैक्टेयर जमीन की मांग की। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने उक्त चिन्हित जमीन में से दो ब्लॉक बनाए, ब्लॉक ए 510 हैक्टयर तथा ब्लॉक बी 836 हैक्टेयर का था। नगर विकास न्यास ने एयरपोर्ट ऑथोरिटी को पत्र लिखकर आवश्यकता से तीन गुना अधिक जमीन की मांग के बारे में जानकारी चाही।

स्वायत्त शासन मंत्री ने बताया कि राज्य मंत्री मंडल में लिए गए निर्णय में एयरपोर्ट ऑथोरिटी को निःशुल्क भूमि नगर विकास न्यास को उपलब्ध करानी थी, वह काम समय पर पूरा किया गया। दूसरा निर्णय मुख्य सचिव द्वारा एयरपोर्ट ऑथोरिटी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि पुराने एयरपोर्ट की जमीन का मालिकाना हक राज्य सरकार के पास होने के कारण यूआईटी को उपलब्ध कराना था। एयरपोर्ट ऑथोरिटी को यह जमीन सरकार ने विमान संचालन के लिए उपलब्ध कराई थी।

एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने जवाबी पत्र में दिल्ली में आयोजित बैठक का हवाला देते हुए नगर विकास न्यास को पुराने एयरपोर्ट की जमीन मुद्रांकन (बिक्री) कर एयरपोर्ट ऑथोरिटी को राशि जमा कराने के लिए लिखा गया। एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने ग्रीन फिल्ड एयरपोर्ट की अनुमाति लागत एक हजार 1200 करोड़ रूपये मानते हुए पुराने एयरपोर्ट की जमीन के मुद्रांकन से प्राप्त राशि से कराए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने मार्च 2023 को परियोजना लागत की 2 प्रतिशत राशि का अग्रिम भुगतान नगर विकास न्यास को करने का पत्र भी लिखा गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक मामला केन्द्र सरकार के पास लम्बित है, केन्द्र द्वारा अभी तक मिट्टी जांच व टॉपिकल सर्वे कराया गया। राज्य सरकार पुराने एयरपोर्ट की जमीन को बिक्री नहीं करना चाहती, बल्कि यहां मिनी सचिवालय एवं ग्रीनरी विकसित करना चाहती है।

# फसल खराबे के मुआवजे की मांग

## विधायक कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में किसानों की बैठक हुई

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा विधानसभा क्षैत्र मे हुई अधिक बारिश व रोग की चपेट मे आने से हुए फसल खराबे का आंकलन करवा जल्द मुआवजा लिये जाने की मांग को लेकर बुधवार को भाजपाईयों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम अशोक त्यागी को ज्ञापन सौंपा।

विधायक कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में डाक बंगले में हुई किसानों की बैठक में विधायक चौधरी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू कर ऐतिहासिक कार्य किया है। इस बार रबी की फसल के दौरान हुई अधिक बारिश से लगे रोग के कारण किसानों की फसले खराब हो जाने के चलते मूंग व बाजरे की सर्वाधिक फसल होने की जानकारी सामने आई है।



फसल खराबे के मुआवजे को लेकर विधायक कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में किसान व भाजपाईयों ने एडीएम अशोक त्यागी ज्ञापन सौंपा।

ऐसे में सरकार को जल्द फसल कटाई सर्वे करवा किसानों को फसल खराबे का मुआवजा दे जिससे किसानों को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके। डाक बंगले से बैठक के बाद रैली के रूप में जमकर नारेबाजी करते हुए किसान व भाजपाई कोर्ट परिसर पहुंच एडीएम अशोक त्यागी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक के साथ बड़ी संख्या मे किसान व भाजपाई मौजूद रहे।

# डायन बताकर महिला के दोनों हाथ जलाये

**डूंगरपुर, (निसं)।** गामडी अहाडा वजेला फला में महिला को डायन बताकर उसके दोनों हाथ जलाने का मामला सामने आया है। प्रतापगढ़ जिले में एक महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि डूंगरपुर जिले के गामडी अहाडा वजेला फला में एक महिला को डायन बताकर उसके दोनों हाथ जलाने का मामला सामने आया है।

■ हाथों पर जलते दिए रखने से महिला दर्द से चीखती और चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने नहीं सुना

■ बोरवेल में पानी नहीं आया तो देवर-देवरानी ने भोपे के साथ मिलकर की करतूत

हाथों पर जलते दिए रखने से महिला दर्द से चीखती और चिल्लाती रही, लेकिन उसका दर्द किसी ने नहीं सुना। महिला का आरोप है की उसी के देवर और देवरानी ने भोपे के साथ मिलकर उसके साथ ऐसी करतूत की। महिला चिल्लाती रही लेकिन 5 से 6 लोगों ने कसकर पकड लिया और फिर हाथ जला दिए। महिला अब परिवार के लोगो के खिलाफ कार्रवाई करने की आवाज उठा रही है।

रामसागडा थाना क्षेत्र के गामडी अहाडा वजेला फला की रहने वाली महिला अटली पत्नी देवा डामोर के साथ ये क्रुरूता हुई। अटली ने बताया कि उसी के परिवार में देवर रूपसी पुत्र पूंजा डामोर, पप्पू पुत्र पूंजा डामोर, देवरानी लक्ष्मी पत्नी रूपसी डामोर और समू पत्नी पप्पू डामोर उस पर डायन होने का शक करते है। देवर और उसका परिवार उसे डायन ही कहते थे।

महिला ने बताया कि 3 सितंबर को उसके देवर और देवरानी इलाज करवाने के बहाने उसे मनपुर गांव में एक महिला भोपे तांत्रिक के पास ले गए। जहां आशा पुत्री धुला कटारा,निवासी मनपुर को भी फोन कर बुला लिया। इसके बाद महिला तांत्रिक ने उसके बेटे हरीश को घर से बाहर बैठने के लिए कहा। जबकि देवर और देवरानी ने डायन निकालने की बात करते हुए उसे कसकर पकड लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर उसके हाथ में तेल और जलते हुए दिए रख दिए। दियो की वजह से उसके हाथ जलने लगे तो वह चीखने चिल्लाने लगी। उसकी आवाज बाहर नहीं जाए इसलिए मूंह भी पकड लिया। महिला तांत्रिक डायन निकालने का ढोंग करते हुए उसके हाथों को जलाती रही। जिस पर उसकी आवाज सुनकर बेटा हरीश अंदर आ गया।

मां को जलाते देख बेटे हरीश ने बीच बचाव किया, लेकिन जलते दियो की वजह से महिला की दोनों हथेलियां जल गई। जलन के मारे दर्द से तडपती रही। घटना के बाद बेटा उसे प्राइवेट अस्पताल लेकर गया और मां का इलाज करवाया। महिला अटली ने अपने देवर और देवरानी पर डायन का आरोप लगाकर जिंदा जलाने के भी आरोप लगाए हैं। वही घटना के बाद से पीड़ित का परिवार डरा हुआ है। वहीं मामले में अब महिला अपने ही देवर और देवरानी के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रही है।

**देवर के बोरवेल में पानी नहीं आया तो कह दिया डायन :-** महिला अटली ने बताया कि उसके देवर रूपसी के खेतों में मई महीने में बोरवेल खुदवाया था, लेकिन उसमे पानी नहीं आया। इसे लेकर देवर, देवरानी और उसका परिवार इस पर ही डायन का आरोप लगाकर जिम्मेदार ठहराने लगा। इसके बाद से देवर सहित परिवार के लोग उसे डायन कहकर प्रताड़ित करते थे। इसी बात को लेकर हाथ जलाने की वारदात को भी अंजाम दिया गया। इसे लेकर रामसागडा थानाधिकारी मणिलाल ने बताया की पीडिता महिला की ओर से जिला पुलिस अधीक्षक को एक परिवाद दिया। परिवाद मिलने पर मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# इलाज के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर शहर के एक युवक से इलाज के नाम पर पैसे ठगने के 2 आरोपियों को जैसलमेर पुलिस अलवर और भरतपुर से गिरफ्तार किया। ठगों ने फोन से परिचित बनकर जैसलमेर के नंदराम को फोन कर रिश्तेदार की तबीयत खराब होने और ऑपरेशन के नाम से करीब 1 लाख 85 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रान्सफर करवा लिए। जब पीड़ित नंदराम ने सुबह जानकारी जुटाई तो सारा मामला ठगी का लगा। नंदराम ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया और पुलिस ने 24 दिनों में ही आरोपियों को ढूंढ कर गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि पुलिस थाना साइबर क्राइम में 13 अगस्त को नन्दराम पुत्र चूनाराम जाट निवासी आईजीएनपी कॉलोनी जैसलमेर ने शिकायत देकर बताया कि उसके साथ कुछ लोगों ने ऑनलाइन ठगी कर ली है। उसने बताया कि 22 जुलाई 2023

■ रिश्तेदार की तबीयत खराब होने और ऑपरेशन के नाम से करीब 1.85 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रान्सफर करवाए

को रात को उसके पास एक अनजान व्यक्ति का कॉल आया व मेरा परिचित बनकर किसी रिश्तेदार के हॉस्पीटल में ऑपरेशन होने के नाम पर मेरे से 1 लाख 85हजार रुपये लेकर मेरे साथ ऑनलाईन ठगी कर ली है। दूसरे दिन सुबह जब उसने पड़ताल की तब सारी जानकारी झूठी निकली। उसने कई प्रयास किए मगर विफल होने पर उसने 15 दिन बाद पुलिस में शिकायत दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी विकास सांगवान ने डिप्टी गिरधरसिंह थानाधिकारी पुलिस थाना साईबर क्राईम के नेतृत्व में टीम बनाई। टीम ने कई बैंकों से रिकॉर्ड लेकर खुफिया तंत्र और टेक्नीक का सहारा लेकर बदमशों को तलाशना और उनकी पहचान करना शुरू किया।

पुलिस ने भरतपुर और अलवर में कई जगह दबिश देने के बाद बदमाश श्यामलाल व वारिस को गिरफ्तार किया। दोनों ने पहले तो साफ मना किया मगर पुलिस की पूछताछ में दोनों ने ठगी करना कबूल किया। आरोपी श्यामलाल गडरिया मथुरा उत्तर प्रदेश का निवासी है और फिलहाल वो भरतपुर में रह रहा है। वहीं दूसरा आरोपी वारिस पुत्र फारूख फकीर भरतपुर का रहने वाला है और फिलहाल अलवर में रह रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों ही मिलकर लंबे समय से ऑनलाइन फ्रॉड का काम करते हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर और भी मामले उगलवाने के प्रयास कर रही है।

# हेमलता राजे की रामदेवरा पदयात्रा देचू पहुंची

**जोधपुर, (कासं)।** एक सितंबर को जोधपुर से पूर्व महारानी हेमलता राजे की अगुवाई व सैनाचार्य अचलानन्द गिरी महाराज के सानिध्य में जोधपुर से रामदेवरा के लिए सैकड़ो महिला व पुरुषों के साथ शुरू हुई पदयात्रा बुधवार को देचू पहुंची। देचू के स्कूल में पदयात्रियों ने विश्राम किया। पदयात्रा गुरुवार को प्रात: आरती के साथ खेड़ा गोलियां के लिए प्रस्थान करेगी।

सैनाचार्य के निजी सचिव रघुवीर सिंह भदावत ने बताया कि बुधवार को प्रात: सूयोदय के पूर्व लोड़ता अचलावता जोर सिंह फार्म से पदयात्रा सुबह के खुशनुमा माहौल में रवाना हुई। उन्होंने बताया कि पूर्व महारानी हेमलता राजे व सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज के स्वागत के लिए जगह-जगह ग्रामीण जन तैयार खड़े थे। उन्होंने बताया कि बुधवार की यात्रा में ग्यारह गांव लोड़ता,लोड़ता अचलावता, रामसर, ठाडिया, कनोडिया पुरोहितान, भोजासर, गिलाकोर, सगरा, पीलवा व देचू के ग्रामीणों ने जगह-जगह चूंदड़ी



महारानी हेमलता राजे ने यात्रा के दौरान सभा को संबोधित किया।

ओढाकर, शॉल ओढाकर, मालाएं पहनाकर, स्मृति चिह भेंट कर व ढोल थाली के साथ स्वागत किया व अगवानी की।

आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए व स्वागत एवं अपणायत के लिए आभार प्रकट करते हुए पूर्व महारानी हेमलता राजे ने कहा कि पदयात्रा के छट्ठे दिन होने को आया है, परन्तु मारवाड़ के लोगों की अपणायत के कारण कोई दिक्कत नही हो रही। यह सब लोक देवता बाबा रामदेवजी के आशीर्वाद के कारण है। उन्होंने कहा कि पूर्व राज परिवार से मारवाड़ की जनता का जुड़ाव आज भी स्पष्ट देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रामदेवरा की पदयात्रा मारवाड़ की खुशहाली के लिए, अमन, भाईचारा

■ ग्यारह गांवों के ग्रामीणों ने स्वागत कर अगवानी की

बनाए रखना के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि पदयात्रा में सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज का सानिध्य मिल रहा है।

सैनाचार्य अचलानन्द गिरी महाराज ने कहा कि जोधपुर की महारानी बाबा रामदेव जी के दर्शन के लिए पैदल जा रही है। जगह-जगह अपणायत के साथ स्वागत हो रहा है। उन्होंने इस अवसर पर नशा मुक्त समाज का आव्हान किया। पदयात्रा में पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़ जसवन्त सिंह इंदा, महावीर सिंह गंठिया भी शामिल है। राज्यगोपालन आयोग के उपाध्यक्ष समर सिंह राजपुरोहित ने भी देचू में पद यात्रियों का स्वागत किया व महारानी हेमलता राजे व सैनाचार्य का आशीर्वाद लिया। सैनाचार्य ने राजपुरोहित का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।

# जयपुर में सांगानेर विधानसभा से स्थानीय उम्मीदवार की मांग

## सांगानेर से कांग्रेस टिकट के दावेदार बोले, बाहरी उम्मीदवार दिया तो फिर पार्टी को होगा नुकसान

**जयपुर**, (का.प्र.)। एआईसीसी की ओर से नियुक्त जयपुर लोकसभा क्षेत्र की पर्यवेक्षक आराधना मिश्रा उर्फ मोना तिवाड़ी ने बुधवार को सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के दावेदारों से अलग-अलग मिलकर संवाद किया एवं क्षेत्र में जीत के समीकरण पूछे।

सांगानेर से प्रमुख रूप से पुष्पेंद्र भारद्वाज का विरोध देखने को मिला है। अधिकांश दावेदारों ने स्थानीय व्यक्ति को टिकट दिए जाने की मांग उठाई है। सांगानेर के अधिकांश दावेदारों ने कहा कि बाहरी दावेदार के अलावा स्थानीय किसी व्यक्ति को भी टिकट दिया जाता है, तो निश्चित तौर पर सभी लोग मिलकर पार्टी को जीत दिला सकते हैं, अन्यथा जिस तरह से 15 साल से पार्टी यहां हार का सामना कर रही है, अब भी यदि बाहरी उम्मीदवार आया, तो इस बार भी पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

इस दौरान जयपुर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आर आर तिवाड़ी, एआईसीसी कॉर्डिनेटर किक्की संधू के साथ टिकट के दावेदारों के अलावा संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता से पर्यवेक्षक से रूबरू हुए।

इस दौरान शहर अध्यक्ष आरआर तिवारी ने बताया कि टिकट की दावेदारी कई लोग करते हैं, लेकिन टिकट दावेदारों में किसी एक को मिलता है। ऐसे में बाकी सभी दावेदार संगठित होकर पार्टी प्रत्याशी को जिताने की कोशिश करें। यही कारण है कि सहमति बनाई के लिए पर्यवेक्षक दावेदारों के साथ पार्षद,ब्लॉक अध्यक्ष, शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर सीटों की स्थिति का जायजा ले रही है।

पर्यवेक्षक आराधना मिश्रा के सामने सांगानेर विधानसभा से 33 दावेदारो में से 28 दावेदारों ने अपनी जीत के समीकरण समझाए। जिसमें प्रमुख रूप से अरुणा स्वामी, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, सीताराम नेहरू, विष्णु लाटा, रामू शर्मा,रामलाल चौधरी, पप्पू लाल प्रजापति, धर्मसिंह सिंघानिया, दिव्या सिंह, कमलेश गोयल, लक्ष्मण दास, विनय प्रताप भोपर रवि हेमलानी, महेश पारीक व मुकेश शर्मा शामिल थे।

## पार्किंग के 15 रुपए ज्यादा वसूले, 20 हजार रुपए हर्जाना

**जयपुर**, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर-तृतीय ने जौहरी बाजार में कार पार्किंग के 25 रुपए की बजाय 40 रुपए वसूलने को अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस करार दिया है। वहीं पार्किंग ठेकेदार व नगर निगम पर 20 हजार रुपए का हर्जाना लगाते हुए ज्यादा वसूली राशि 15 रुपए भी 12 दिसंबर 2017 से 9 प्रतिशत ब्याज सहित देने का निर्देश दिया है। आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्य सीमा शर्मा ने यह आदेश नंदलाल शर्मा के परिवाद पर दिया।

# 'हर जिले में 150 लोगों की क्षमता का वृद्धाश्रम खोला जाए'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण अधिनियम के तहत जिले में कम से कम एक वृद्धाश्रम केन्द्र खोला जाए। जिसमें कम से कम 150 वृद्धों के रहने की व्यवस्था हो। इन केन्द्रों में चिकित्सीय सुविधाओं के साथ ही मनोरंजन के साधन भी होना जरुरी है।

इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में राज्य सरकार को रोड मैप पेश करने को कहा है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार ने यह आदेश लोक उत्थान संस्थान की अवमानना याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिनियम के तहत कल्याणकारी योजना पूरी तरह से लागू हो गई है। ऐसे में इस जनहित याचिका को पुनः जनहित याचिका के तौर पर पंजीकृत करने के निर्देश दिए जाते हैं। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार छात्रों को वृद्धाश्रमों में दी जाने वाली सेवाओं से जोड़ने के संबंध में भी योजना बना सकता है। इसलिए लिए सामाजिक न्याय विभाग व कॉलेज शिक्षा विभाग के सहयोग से काम करने की जरुरत है, ताकि छात्रों में जागरुकता और जिम्मेदारी की भावना आ सके। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि वह शपथ पत्र पेश कर बताए कि इस संबंध में निगरानी तंत्र कैसे काम करता है। इसके अलावा अदालत ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय से जागरूकता कार्यक्रम तैयार करने को कहा है।

# भाजपा मुख्यालय में डी केटेगरी की सीटों पर हुआ मंथन

**जयपुर**। भाजपा ने विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसके भाजपा ने एक ओर जनता में भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार करने के लिए परिवर्तन यात्रा निकाल रही है, तो वही दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशियों के चयन के लिए भी तैयारी कर रही है। इसी को देखते हुए भाजपा प्रदेश मुख्यालय में अचानक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के साथ बैठक हुई। ये बैठक करीब तीन घण्टे चली।

बैठक में बताया जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने जो डी कैटेगरी की सीटे तय की गई हैं। उन सीटों पर राय मशवरा किया गया। इन 19 सीटों पर प्रत्याशियों व सामाजिक समीकरण को लेकर लंबी चर्चा हुई। भाजपा ने 200 सीटों में ए, बी, सी, डी में बांट रखा है। उनमें डी कैटेगरी में वो सीटें शामिल हैं जहां भाजपा पिछले तीन चुनावों से कभी नहीं जीती है। प्रदेश में डी कैटेगिरी में 19 सीटें शामिल हैं। इन सीटों पर भाजपा राजस्थान में भी मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की तर्ज पर जल्द प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। भाजपा मध्यप्रदेश में 39 और छत्तीसगढ़ में 21 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इन 19 सीटों में दांतारामगढ, सरदारपुरा, कोटपूतली, झुंझनूं, सांचौर, बाड़मेर शहर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, खेतड़ी, नवलगढ़, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, लालसोट, सिकराय, टोडाभीम, सपोटरा, बाड़ी, वल्लभनगर, बागीदोरा और बस्सी विधानसभा शामिल हैं।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा बनी जन-जन की यात्रा : सी.पी.जोशी

**जयपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने आज प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ''परिवर्तन संकल्प यात्रा'' अब जन-जन की यात्रा बन चुकी है। इस यात्रा को राजस्थान की जनता का जो अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है, यह इस बात का प्रतीक है, कि इस बार के चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत प्राप्त होगा। वर्तमान कांग्रेस सरकार की अकर्मण्यता और नाकारापन को लेकर जनता में भारी रोष है। बढते अपराधों के कारण महिला और दलित में आक्रोश है, युवा और किसानों में वादाखिलाफी को लेकर गुस्सा है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राजस्थान आए। अच्छा होता वे प्रदेश की स्थिति का जायजा लेते, दलित एंव वंचित वर्ग के पीड़ित लोगों से मिलते, उनके आंसू पौंछते, लेकिन सिर्फ भाजपा और संघ पर आरोप लगाकर चले गए। पिछली बार जब खडगे प्रदेश में केंद्र के पर्यवेक्षक बनकर आए थे तो इस सरकार ने उन्हे ठेंगा दिखाकर उनकी बात मानने से इनकार कर दिया और कोई विधायक उनके पास नहीं गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि खडगे जिस जिले में आए थे उसी

■ 'कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने भाजपा-संघ को कोसा, अच्छा होता प्रदेश के दलित, वंचित और पीड़ितों से मिलते और आंसू पौंछते'

जिले में एक नाबालिग लड़की को दुष्कर्म करके जला दिया था। पीड़ित परिवार जब पुलिस के पास रिपोर्ट लिखाने गया तो वहां से कोई सहायता ना मिलने पर परिजनों ने आरोपियों को पकड़ा और पुलिस के हवाले किया।

जोशी ने कहा कि मनरेगा के लिए जो बयान खडगे दे रहे हैं वह झूठा है।

## अवनी सिंह बनी प्रदेश उपाध्यक्ष

**जयपुर**। धर्म रक्षा समिति के प्रदेशाध्यक्ष महावीर सारस्वत ने अवनी सिंह को समिति की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। सिंह पूर्व में कई सामाजिक संगठनों में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

## परिवर्तन संकल्प यात्रा को मिल रहा है जनता का अपार समर्थन : पंचारिया

**जयपुर**। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक ली। इस दौरान परिवर्तन संकल्प यात्रा की आगामी तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में यात्रा के रूटमैप, स्वागत सभाओं, महिलाओं की चौपाल, किसानों से संवाद और अन्य तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण सिंह पंचारिया ने बताया कि बैठक के दौरान ''परिवर्तन संकल्प यात्रा'' अपने तय रूट के अनुसार विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच रही है, जहां पर भव्य स्वागत किया जा रहा है, और जनता का अपार समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। प्रदेश की जनता में कांग्रेस के जंगलराज को लेकर आक्रोश व्याप्त है। यात्राओं के संबंध में बनाई गई सभी टोलियों से प्रतिदिन फीडबैक भी लिया जा रहा है। जिसमें स्थानीय मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जन-जन के इस अपार स्नेह को देखकर कहा जा सकता है कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को प्रदेश में ऐतिहासिक बहुमत मिलेगा।

# विधानसभा चुनाव के लिये कांग्रेस की आठ कमेटियां गठित

## प्रमुख रूप से कोर कमेटी, कॉर्डिनेशन कमेटी, कैंपेन कमेटी, चुनाव घोषणा पत्र कमेटी, मीडिया एंड कम्यूनिकेशन कमेटी का गठन किया

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज आठ कमेटियां गठित करते हुए विभिन्न नेताओं को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें कोर कमेटी, कॉर्डिनेशन कमेटी, कैंपेन कमेटी, चुनाव घोषणा पत्र कमेटी, स्ट्रेटेजिक कमेटी, मीडिया एंड कम्यूनिकेशन कमेटी, पब्लिसिटी एंड पब्लिकेशनस कमेटी और प्रोटोकोल कमेटी हैं।

कोर कमेटी में सुखजिंदर सिंह रंधावा संयोजक, अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा, जितेंद्र सिंह, सचिन पायलट, हरीश चौधरी, महेंद्रजीत मालवीय, मोहन प्रकाश, डॉ. सीपी जोशी और गोविंद राम मेघवाल मेंबर बनाए गए हैं।

कोऑर्डिनेशन कमेटी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित गोविंद सिंह डोटासरा, जितेंद्र सिंह, सचिन पायलट, हरीश चौधरी, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, मोहन प्रकाश, गिरिजा व्यास, नारायण सिंह, बीडी कल्ला, डॉ. चंद्रभान, रघुवीर सिंह मीणा, नारायण मीणा, रघु शर्मा, हेमाराम चौधरी, परसादी लाल मीणा, उदय लाल आंजना, भजनलाल जाटव, टीकाराम जूली, भंवर सिंह भाटी, ताराचंद भगोरा, शांति धारीवाल, गुरमीत सिंह कुन्नर, मंजू मेघवाल, महेंद्र चौधरी और दिनेश खोड़निया शामिल हैं। कैंपेन कमेटी में मंत्री गोविंद राम मेघवाल अध्यक्ष, मंत्री अशोक चांदना उपाध्यक्ष, विधायक राजकुमार शर्मा संयोजक, विधायक दानिश अबरार और चेतन डूडी सह-संयोजक होंगे। प्रताप सिंह खाचरियावास, रामलाल जाट, कृष्णा पूनिया, वैभव गहलोत, गणेश घोघरा, रामलाल मीणा, महेंद्र गहलोत, घनश्याम मेहर, गजेंद्र सिंह सांखला, किशनलाल जेदिया, जगदीश श्रीमाली, राखी गौतम, हेम सिंह शेखावत, अभिषेक चौधरी, यशवीर सूरा और नीतू कंवर भाटी। कांग्रेस की चुनाव घोषणा पत्र समिति में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद नीरज डांगी उपाध्यक्ष, टीकाराम मीणा को संयोजक और पुखराज पाराशर सह संयोजक बनाए गए हैं। पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य, विजेंद्र सिंह सिद्धू, परेश व्यास, जाकिर हुसैन, कुलदीप सिंह पूनिया, शेर सिंह सूपा, गिरिराज गर्ग, जीएस बापना, रूप सिंह भारत, प्रोफेसर पीएस वर्मा, जगदीश चंद्र जांगिड़, सीताराम लांबा, डॉ. आईएन त्रिवेदी, हिम्मत सिंह गुर्जर, सुनील परिहार और वंदना मीणा इसके सदस्य बनाए गए हैं।

वहीं मीडिया एंड कम्यूनिकेशन कमेटी में ममता भूपेश को अध्यक्ष, स्वर्णिम चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष, मुकेश भाकर को संयोजक, जसवंत गुर्जर और प्रशांत बैरवा को सह संयोजक बनाया है। इसके अलावा 17 सदस्य बनाये गये हैं। पब्लिसिटी एंड पब्लिकेशन कमेटी में मुरारी लाल मीणा को अध्यक्ष, अर्जुन बामनिया को उपाध्यक्ष, सुदर्शन सिंह रावत को संयोजक, आर.सी.चौधरी और राजीव अरोरा को सह संयोजक बनाया है। वहीं 16 सदस्य बनाये गये हैं। इसके साथ ही प्रोटोकॉल कमेटी में प्रमोद जैन भाया को अध्यक्ष, टीकाराम जूली को उपाध्यक्ष, मुमताज मसीह को संयोजक, रफीक खान और पुष्पेंद्र भारद्वाज को सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा 14 सदस्य बनाये गये हैं।

## अगला विश्व कप खेल सकते है मेसी

ब्यूनस आयर्स, 6 सितंबर। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन अपने स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी को 2026 विश्व कप तक अर्जेंटीना के लिए खेलने के लिये मनायेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया ने कहा कि मेसी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का विस्तार करने की संभावना से इंकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपना मन बदलने के लिए आश्वस्त किया जा सकता है। तापिया ने मंगलवार को ब्यूनस आयर्स में स्पोर्ट्स लीडर्स समिट के दौरान कहा, वह हमेशा अधिक का लक्ष्य रखता है। वह कभी हार नहीं मानता और हमेशा आपको आश्चर्यचकित करता है। अपने मौजूदा फॉर्म में मेस्सी आसानी से 2026 विश्व कप में खेल सकते हैं। 39 वर्षीय मेसी ने पिछले साल कतर में एल्बीसेलेस्टे को तीसरी विश्व कप ट्रॉफी दिलाई थी। उन्होंने पिछले महीने फ्लोरिडा की टीम को लीग कप खिताब दिलाया जो क्लब की पहली ट्रॉफी थी। तापिया ने कहा कि मेसी को यह चुनने का अधिकार है कि उन्हें अपना अंतरराष्ट्रीय करियर कब समाप्त करना है।

## बजरंग पूनिया को मानहानि मामले में मिली राहत

नयी दिल्ली, 6 सितंबर। दिल्ली की एक अदालत ने आपराधिक मानहानि के एक मामले में पहलवान बजरंग पूनिया को राहत देते हुये उन्हे निजी रूप से पेश होने की छूट प्रदान की है। गौरतलब है कि कुश्ती कोच नरेश दहिया ने पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि की याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निर्वतमान अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरने के दौरान पूनिया ने दस मई को एक प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी की थी। इस मामले में पूनिया के वकील ने अदालत से गुहार लगायी थी कि उनके मुवक्किल को बुखार है और वह निजी तौर पर अदालत में पेश नहीं हो सकता है जिसे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल की अदालत ने स्वीकार कर लिया। मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी।

## सैफ अंडर-16 चैम्पियनशिप : नेपाल को हराकर भारत सेमीफाइनल में

थिम्पू, 6 सितंबर। भारत ने सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के ग्रुप ए मुकाबले में बुधवार को नेपाल को 1-0 से हरा कर शीर्ष स्थान हासिल करने के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भूटान के चांगलिमिथांग स्टेडियम में भारतीय टीम ने नेपाल के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन किया। भारत की ओर से एकमात्र विजयी गोल पहले हाफ में मोहम्मद अरबाश ने बनाया था। भारत को ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन उसने सतर्क शुरुआत की। बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भारत के गोलस्कोरर उशम सिंह के पास पहले 15 मिनट के भीतर अपनी टीम को बढ़त दिलाने का पूरा मौका था मगर नेपाल की रक्षापंक्ति ने उनके इरादे को सफल नहीं होने दिया।

# पाक ने बांग्लादेश को सात विकेट से धोया

लाहौर, 6 सितंबर। गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद 194 रनों के मामूली लक्ष्य को 10.3 ओवर शेष रहते हासिल कर पाकिस्तान ने बुधवार को एशिया कप के सुपर चार चरण के पहले मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से आसान जीत हासिल की।

बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये मुशफ़िकुर रहीम (64) और कप्तान शाकीब अल हसन (53) के बीच शतकीय साझीदारी के बावजूद 38.4 ओवरों में 193 रनों पर सिमट गयी थी जिसके जवाब में पाकिस्तान ने 194 रन के विजयी लक्ष्य को 39.3 ओवरो में हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने दो अंक अर्जित किये। पाकिस्तान की जीत में तेज गेंदबाज हासिफ रउफ (19 रन पर चार विकेट) और नसीम शाह (34 रन देकर तीन विकेट) की भूमिका अहम रही जिन्होने बांग्लादेश को बड़े स्कोर पर पहुंचने नहीं दिया जबकि बाद मे इमाम उल हक (78) और मोहम्मद रिजवान (63 नाबाद) ने 85 रन की साझीदारी कर टीम को विजय के द्वार पर पहुंचा दिया। इमाम उल हक ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 84 गेंद खेल कर पांच चौके और चार छक्के लगाये वहीं अनुभवी रिजवान खेल खत्म होने तक सात चौके और एक छक्का लगा चुके थे। आगा सलमान 12 रन बनाकर नाबाद लौटे।

इससे पहले गद्दाफी स्टेडियम पर टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही जब उसके इन फार्म बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज़ बगैर खाता खोले नसीम शाह की गेंद पर कैच आउट होकर पवेलियन लौट गये। पारी के पांचवें ओवर में लिटन दास (16) को शाहीद शाह अफरीदी ने अपना शिकार बनाया। एक समय बांग्लादेश मात्र 47 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किलों के भंवर में फंस गया था मगर कप्तान शाकिब अल हसन और मुशफ़िकुर रहीम ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी से टीम को सम्मानजनक स्कोर की ओर अग्रसर किया।

दोनो बल्लेबाजों ने अपने अपने अर्धशतक पूरे किये, इस बीच शाकिब फहीम अशरफ की गेंद को हिट करने के प्रयास में फखर जमान के हाथों अपना विकेट गंवा बैठे। इस साझीदारी के टूटते ही पाकिस्तान के गेंदबाजों ने आक्रामक रवैया अख्तियार कर लिया। नये बल्लेबाज शमीम हुसैन (16) ने दूसरे छोर पर टिके रहीम का कुछ समय तक साथ दिया मगर पाकिस्तान की खतरनाक पेस तिकड़ी के सामने बांग्लादेश के पांव उखड़ने लगे थे।

पारी के 38वें ओवर में रहीम और तस्किन अहमद (0) के लगातार दो विकेट हारिस रउफ ने झटक कर बांग्लादेश के बड़े लक्ष्य की ओर बढने के इरादे पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिये। पाकिस्तान की ओर से रउफ ने 19 रन देकर चार विकेट चटकाये जबकि नसीम शाह ने 34 रन देकर तीन विकेट झटके। अफरीदी,फहीम अशरफ और इफ्तिखार अहमद ने एक एक खिलाड़ी को पवेलियन पहुंचाया।

## एशियाई खेलों की मशाल रिले कल से शुरू होगी

हांगझू, 6 सितंबर। चीन के हांगझू एशियाई खेलों के लिए मशाल रिले आठ सितंबर को वेस्ट लेक के पास शुरू होगी। हांगझू एशियाई खेलों के मुख्य मीडिया सेंटर में बुधवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गयी। मशाल रिले अपने अंतिम चरण को पूरा करने के लिए 20 सितंबर को हांगझू लौटने से पहले झेजियांग प्रांत के 11 शहरों हुझोउ, जियाक्सिंग, शाओक्सिंग, निंगबो, झोउशान, ताइझोउ, वेनझोउ, लिशुई, जिंहुआ और क्यूझोउ से होकर गुजरेगी। रिले में कुल 2022 मशालधारक भाग लेंगे। इसके 14 वर्ष के किशोर लेकर 84 वर्ष बुजुर्ग शामिल होंगे।

## किंग्स कप : छेत्री की गैरमौजूदगी में भारत के सामने इराक की कड़ी चुनौती

चिआंग मई (थाईलैंड), 6 सितंबर। भारत दो महीने के बाद गुरुवार को चार टीम के किंग्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में जब अपने से बेहतर रैंकिंग वाले इराक से भिड़ेगा तो उसे अपने करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री की कमी खलेगी। इंटरकॉन्टिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले छेत्री ने अपने बेटे के जन्म के बाद पत्नी के साथ समय बिताने के लिए ब्रेक लिया है। मार्च में इम्फाल में तीन देशों के टूर्नामेंट सहित खिताबी हैट्रिक के बाद इगोर स्टिमक की टीम इस टूर्नामेंट में उतर रही है।

फीफा रैंकिंग में भारत से 29 स्थान बेहतर इराक ने हाल में अरेबियन गल्फ कप का खिताब जीता और वह चार देशों के टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। दो राउंड रोबिन मैचों के विजेता फाइनल में खेलेंगे। एक अन्य मैच में गुरुवार को ही थाईलैंड की टीम लेबनान से भिड़ेगी। रविवार को होने वाले फाइनल से पहले दो हारने वाली टीमों के बीच कांस्य पदक का मुकाबला खेला जाएगा।

भारतीय टीम अब तक छह मैच (चार हार और दो ड्रॉ) में इराक को नहीं हरा पाई है जिससे स्टिमक के मार्गदर्शन में खेलने वाली टीम के सामने की कड़ी चुनौती का पता चलता है। दोनों टीमों के बीच पिछला मैच 2011 एशियाई कप के दौरान खेला गया था। शारजाह में हुए इस मैत्री मैच में भारत को 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

स्टिमक ने मैच से पूर्व मीडिया से बात करते हुए कहा, ''मुझे उम्मीद है कि हम अरेबियन गल्फ कप चैंपियन इराक जैसी मजबूत टीम के खिलाफ कुछ अच्छा करने के लिए मैदान पर अपना सब कुछ झोंक देंगे।''

उन्होंने कहा, ''ओमान, कतर और सऊदी अरब को हराने के बाद आगामी एशियाई कप में वे प्रबल दावेदारों में शामिल हैं। इसलिए हमारे लिए काफी मुश्किल होगी लेकिन उम्मीद करता हूं कि हमारे खिलाड़ी मैच का लुत्फ उठाएंगे।''

## शुभमन गिल और ईशान किशन वनडे करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

दुबई, 6 सितंबर। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और ईशान किशन ने बुधवार को जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। नेपाल के खिलाफ सोमवार को 67 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले शुभमन गिल 750 रेटिंग अंकों के साथ आईसीसी वन डे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 82 रन की ठोस पारी खेल कर इशान किशन ने 624 रेटिंग अंकों के साथ 24वां स्थान हासिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 652 रेटिंग अंकों के साथ गेंदबाजों की सूची में आठवें स्थान पर हैं जबकि कुलदीप यादव 12वें और जसप्रीत बुमराह 35वें स्थान पर काबिज हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर हैं वहीं गेंदबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड शीर्ष पर हैं।

## मथुरा दास माथुर अवॉड्र्स वितरित किये गये

जयपुर, 6 सितम्बर। प्रदेश के प्रातिष्ठित मथुरा दस माथुर अवॉड्र्स आज वितरित किए गये। इन अवॉड्र्स के तहत सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर -सीनियर मानव सुतार, जूनियर मुकुल चौधरी एवम् सब जूनियर पर्व झालनी, को नगद राशि , एक संपूर्ण क्रिकेट किट बैग, एक क्लब बैग ,क्रिकेट स्पाइक्स, कैप, सर्टिफिकेट व आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गयी। दशक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर अनिकेत चौधरी रहे जिन्होंने पिछले दस वर्षों में निरंतर शानदार प्रदर्शन किया। प्रथम दशक का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड गगन खोडा व द्वितीय अवार्ड पंकज सिंह को प्रदान किया गया था। तीस वर्षों के काल में ये पहला अवसर था जब पिता के बाद पुत्र ने भी ये अवार्ड जीता। पर्व झालनी के पिता रोहित झालनी को 2002में सीनियर वर्ग में ये अवार्ड दिया गया था। पर्व ने आज सब जूनियर वर्ग में ये अवार्ड जीता। सर्वश्रेष्ठ उदयिमान क्रिकेटर सब जूनियर शिफ़ान ख़ान रहे जिन्होंने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दर्शकों से खचाखच भरे हॉल में सभी खिलाडियों का तालियों से सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजीव अरोड़ा चेयरमैन आरएसआईसी और भवानी शंकर समोता सचिव राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन रहे। मुख्य अतिथियों ने अपने आशीर्वचनों से समारोह के आयोजक विनोद माथुर का धन्यवाद किया क्रिकेट के खेल व खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन ऐसे समारोह से लगातार तीस वर्षों तक करने के लिए व खिलाड़ियों से मेहनत व लगन से प्रदर्शन करने को कहा। मथुरादास माथुर अवॉड्र्स प्रदेश एवं उत्तर भारत के अकेले ऐसे अवॉड्र्स हैं जो लगातार तीस वर्षों से दिये जा रहे हैं। कार्यक्रम संयोजन अनंत व्यास ने किया। विनीता माथुर ने अतिथियों को आकर्षक स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## जोकोविच और गॉफ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

न्यूयॉर्क, 6 सितंबर। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और अमेरिका की युवा खिलाड़ी कोको गॉफ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है, वहीं पुरुष डबल्स में भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैम्यू एबडेन के साथ सेमीफाइनल के लिए प्रवेश कर लिया है।

सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच 47वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। यूएस ओपन में वह 13वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच 17वीं बार यूएस ओपन में खेल रहे हैं। महिलाओं में अमेरिकी कोको गॉफ़ ने लातविया की जेलेना ओस्टापेंको पर 6-0, 6-2 की शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने वर्ल्ड नंबर-1 स्वितेक को हराने वाली ओस्टापेंको को हराया। मंगलवार देर रात को खेले गए विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में कोको गॉफ ने 2017 फ्रेंच ओपन की विनर जेलेना ओस्टापेंको को सीधे सेटों में हराया। गॉफ ने ओस्टापेंको को 6-0,6-2 से हराकर पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अमेरिका की 19 वर्षीय गॉफ 2001 में सेरेना विलियम्स के बाद यूएस ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी है।

गॉफ ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और मैं बहुत खुश हूं। पिछले साल मैं क्वार्टर फाइनल में हार गयी थी और इस साल बेहतर प्रदर्शन करना चाहती थी। मुझे अभी लंबा सफर तय करना है लेकिन मैं खुश हूं और अगले मैच के लिए तैयारी कर रही हूं। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ का शनिवार को फाइनल में जगह बनाने के लिए इस साल की फ्रेंच ओपन उपविजेता चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से सामना होगा।

भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन पुरुष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गए है। उनकी जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी जोड़ी नथानिएल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो को 7-6 (10), 6-1 से हराया। बोपन्ना और एबडेन इस साल की शुरुआत में विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

## ऑस्ट्रेलिया ने की 2023 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा

सिडनी, 6 सितंबर। पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने इस साल के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है। पैट कमिंस की कप्तानी में टीम वर्ल्ड कप में उतरेगी। पिछले महीने चयनकर्ताओं ने 18 खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप के लिए चुना था। अब इनमें से तीन को बाहर कर दिया गया है। हालांकि सभी टीमों के पास वर्ल्ड कप स्क्वाड में बदलाव करने के लिए 28 सितंबर तक का समय है।

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले महीने 50 ओवर के प्रदर्शन के लिए पहले 18 खिलाड़ियों को नामित किया था। भारत में इस साल के आयोजन की शुरुआत में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है और आस्ट्रेलिया ने आज 15 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है।

ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले ही शुरुआती 18 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी थी। उससे उन्होंने नाथन एलिस, आरोन हार्डी और तनवीर संघा को बाहर कर दिया है। 21 साल के तनवीर ने दक्षिण अफ्रीका में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अपने पहले ही मैच में उन्होंने 4 बल्लेबाजों को आउट किया। लेकिन टीम में पहले से लेग स्पिनर एडम जंपा हैं। इसी वजह से संघा को बाहर होना पड़ा। टेस्ट स्टार मार्नस लाबुस्चगने भी टीम में शामिल होने से चूक गए हैं। तेज गेंदबाज पैट कमिंस एक बार फिर टीम का नेतृत्व करेंगे अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क उन्हें नई गेंद से मदद करेंगे। जबकि सीन एबॉट को बैकअप पेसर के रूप में टीम में अंतिम स्थान के लिए एलिस पर प्राथमिकता दी गई है। एश्टन एगर और एडम ज़म्पा को स्पिनर की कमान दी गयी।

ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप टीम में कोई चौंकाने वाला नाम नहीं है। पहले घोषित हुई टीम से ही मार्नस लाबुशेन को बाहर कर दिया गया था। जोश इंग्लिस, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, सीन एबॉट और एश्टन एगर को पहली बार वर्ल्ड कप की टीम में चुना गया है। वहीं स्टीव स्मिथ का यह चौथा वर्ल्ड कप होगा। वह इस टीम में एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो वर्ल्ड कप 2011 की ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे।



भाजपा की परिवर्तन यात्राओं के जवाब में कांग्रेस ने भी अपना प्रचार कार्यक्रम तेजी से शुरु कर दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को भीलवाड़ा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आगमन हुआ। खड़गे ने भीलवाड़ा के गुलाबपुरा कस्बे में 5 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन क्षमता वाले डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। खड़गे ने इसके अलावा 60 के.वी. क्षमता के सोलर पावर प्लांट, बायो मीथेन प्लांट सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लोकापर्ण किया। खड़गे ने किसानों की विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये केन्द्र सरकार की गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि, मोदी सरकार देश के संविधान को भारी नुकसान पहुँचाने पर तुली हुई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गोविन्द सिंह डोटासरा सहित प्रदेश के कई नेतागण मौजूद थे, उन्होंने भी किसान जनसभा को संबोधित किया।

# 'मोदी ने बड़े-बड़े वादे कर चुनाव जीता फिर देश की सम्पत्तियों को ही बेच डाला'

## कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुलाबपुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

भीलवाड़ा, 6 सितम्बर (निस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भीलवाड़ा गुलाबपुरा की धरती पर किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया और कहा कि, केंद्र की मोदी सरकार ने जनता से बड़े-बड़े वादे करके चुनाव जीता और चुनाव जीतकर धीरे-धीरे उन्होंने देश की कई संपत्तियां ही बेच डालीं। इस पर भी जब उन्हें संतुष्टि नहीं मिली तो उन्होंने जनता पर जी.एस.टी. लगाकर गरीब लोगों को बर्बाद कर दिया। आज केंद्र सरकार खाने-पीने की तमाम वस्तुओं पर जी.एस.टी. लगाकर जनता से भारी भरकम टैक्स वसूल रही है। पेट्रोल, डीज़ल, आटा, गेहूं, चावल, कपड़ा, राशन जैसी सामग्री पर टैक्स लगाकर गरीब जनता को लूटा जा रहा है। सभा

- **खड़गे ने अत्याधुनिक गुलाबपुरा डेयरी संयंत्र का लोकार्पण किया।**
- **खड़गे की सभा में लगभग 60 हजार लोग आए थे।**

में लगभग 60 हजार से ज्यादा की भीड़ नज़र आ रही थी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने आज भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा कस्बे में भीलवाड़ा डेयरी द्वारा स्थापित, 5 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध प्रसंस्करण के नवीन संयंत्र, 600 किलो वाट क्षमता के रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट, खाद्य प्रबंधन संयंत्र ग्राम बड़ला, बायो मीथेन प्लांट, क्षमता 50 मै. टन गोबर प्रतिदिन, पशु आहार संयंत्र, क्षमता 150 मीट्रिक टन प्रतिदिन तथा मिनरल मिक्सर संयंत्र, क्षमता 12 मीट्रिक टन प्रतिदिन, कुल राशि 222.98 करोड़ रुपए के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए।

इस मौके पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा, भाजपा वाले कहते हैं कि, कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया, तो हम उनको बता दें, कांग्रेस ने देश को आज़ादी दिलाकर डॉ. अंबेडकर के संविधान को सुरक्षित रखा और आज मोदी सरकार संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

खड़गे ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी गांधी परिवार पर आरोप लगाते हैं कि, कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है और परिवारवाद को बढ़ाने का काम करती है। तो उन्हें पता होना चाहिए कि, गांधी परिवार ने देश के लिए कुर्बानियां दी हैं, इंदिरा गांधी ने देश के लिए खून का कतरा -कतरा बहा दिया। इसी तरह राजीव गांधी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपनी जान दी और उनके परिवार ने चुनाव जीतकर भी कभी सत्ता का लालच नहीं किया और सोनिया गांधी ने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया। अगर राहुल गांधी में भी सत्ता का लालच होता तो वे मनमोहन सिंह को हटाकर कभी के प्रधानमंत्री बन गए होते। खड़गे ने मोदी सरकार को किसान विरोधी बताया।

इससे पूर्व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जनसभा को संबोधित करते हुए अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह टोडासरा ने भी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर कटाक्ष किये।

# पी.डब्ल्यु.डी. के तीन इंजीनियर 10 लाख रू. रिश्वत लेते-देते गिरफ्तार

## एंटी करप्शन ब्यूरो ने बुधवार को तीनों इंजीनियरों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 6 सितंबर । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने बुधवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यु.डी.) के 3 इंजीनियरों को 10 लाख रुपए की रिश्वत का लेन-देन करते हुए रंगे हाथों ट्रैप किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जयपुर पी.डब्ल्यु.डी. में कार्यरत चीफ इंजीनियर सुबोध कुमार मलिक, डूंगरपुर में कार्यरत अधिशाषी अभियंता जितेन्द्र कुमार जैन और बांसवाड़ा में कार्यरत सहायक अभियंता अनंत कुमार गुप्ता शामिल हैं। ए.सी.बी. ने तीनों अफसरों की गिरफ्तारी के बाद इनके आवास व अन्य ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ए.डी.जी. हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि, ए.सी.बी. को सूचना मिली

- **डूंगरपुर में कार्यरत अधिशाषी अभियंता जितेन्द्र जैन पर विभागीय कार्रवाई नहीं करने की एवज में ली जा रही थी रिश्वत।**
- **चीफ इंजीनियर सुबोध कुमार मलिक ने घूस की यह रकम बांसवाड़ा में कार्यरत सहायक अभियंता अनंत गुप्ता के मार्फत मंगवाई थी।**
- **इसी बीच ए.सी.बी. जयपुर की टीम ने चीफ इंजीनियर के निर्माण नगर स्थित आवास पर छापेमारी कर तीनों अफसरों को दबोच लिया।**

थी कि, डूंगरपुर में कार्यरत पी.डब्ल्यु.डी. के अधिशाषी अभियंता जितेन्द्र कुमार जैन के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जानी थी। उनको इस बारे में नोटिस दिए गए थे। इस नोटिस पर कार्रवाई नहीं करने और फाइल पुटअप नहीं करने की एवज में सुबोध कुमार मलिक, जो कि मुख्य अभियंता हैं, उनको 10 लाख की रिश्वत दी जानी थी।

यह पैसा बांसवाड़ा में कार्यरत सहायक अभियंता अनंत कुमार गुप्ता के मार्फत मुख्य अभियंता तक पहुँचना था।

यह सूचना मिलते ही ए.सी.बी. ने तीनों अधिकारियों को रडार पर लिया और इनका पीछा किया। ए.सी.बी. के उप महानिरीक्षक रणधीर सिंह के सुपरविज़न में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित किशोर शर्मा, आलोक शर्मा व पुलिस निरीक्षक हेमंत वर्मा ने चीफ इंजीनियर सुबोध कुमार मलिक के जयपुर में निर्माण नगर स्थित आवास पर छापा मारा और ट्रैप की कार्रवाई करते हुए तीनों को 10 लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। अब ए.सी.बी. टीम चीफ इंजीनियर सुबोध कुमार मलिक के निर्माण नगर स्थित आवास, एक्स.ई.एन. जितेन्द्र जैन के आदर्श नगर डूंगरपुर स्थित मकान और सहायक अभियंता अनंत कुमार गुप्ता के बांसवाड़ा स्थित मकान पर सर्च की कार्रवाई कर तलाशी लेने में जुटी है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते ने भाजपा छोड़ी

कोलकाता, 6 सितम्बर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मतभेदों का हवाला देते हुए बुधवार को भाजपा से इस्तीफा दे दिया। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा

- **नेताजी के पोते चंद्र कुमार बोस ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मतभेदों का हवाला देते हुए भाजपा से इस्तीफा दे दिया। चंद्र कुमार बोस 2016 में प. बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे और 2020 में उन्हें हटा दिया गया था।**

के उपाध्यक्ष थे और 2020 में उन्हें हटा दिया गया था। अपने त्याग पत्र में उन्होंने लिखा है उन्होंने कहा कि उन्हें बोस भाइयों-सुभाष चंद्र बोस और शरत चंद्र बोस की विचारधारा का प्रचार करने के लिए भाजपा से न तो केंद्र या राज्य स्तर पर कोई समर्थन नहीं मिला।

# "एक राष्ट्र एक चुनाव" की कवायद में तेजी, पूर्व राष्ट्रपति के आवास पर होगी बैठक

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। भारत में एक साथ पंचायत से पार्लियामेंट तक के चुनाव करवाने की दिशा में सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। हाल ही में इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया था, जिसकी अध्यक्षता देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे। इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी सहित सात लोगों का नाम शामिल है। हालांकि, अधीर रंजन ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया है।

अब सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि आज रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में उनके आवास पर इसकी पहली बैठक होने वाली है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान की आलोचना की है। राहुल ने इसे भारतीय संघ और उसके सभी राज्यों पर हमला करार दिया है। केंद्र सरकार के एक देश, एक चुनाव अभियान पर राहुल गांधी ने रविवार को ट्वीट किया, इंडिया, यानी

- **यह मुद्दा विपक्ष को परेशान कर सकता है। अगर एक देश एक चुनाव का नियम लागू किया जाता है तो पश्चिम बंगाल में टी.एम.सी. कांग्रेस और वाम दलों के बीच लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों के लिए गठबंधन मुश्किल हो सकता है।**
- **इसका बड़ा कारण यह है कि, इन राज्यों में टी.एम.सी व वामदलों सहित कई पार्टियों ने निर्धारित किया है कि, वे केवल लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे और विधानसभा चुनाव सभी पार्टियां अलग लड़ेंगी।**

भारत, राज्यों का एक संघ है। एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार भारतीय संघ और उसके सभी राज्यों पर हमला है।

यह मुद्दा विपक्ष को परेशान कर सकता है। अगर एक देश एक चुनाव का नियम लागू किया जाता है तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी, कांग्रेस और वाम दलों के बीच लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों के लिए गठबंधन मुश्किल हो सकता है। साथ ही आप और कांग्रेस के बीच पंजाब और दिल्ली में भी तकरार की संभावना होगी। आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश चुनाव में कुछ सीटों पर पहले ही उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है।

## कर्नाटक के गृह मंत्री ने हिन्दू धर्म की उत्पत्ति पर सवाल उठाये

तुमकुर, 6 सितम्बर (वार्ता)। तमिलनाडु के खेलमंत्री उदयनिधि स्टालिन की ओर से सनातन धर्म विरोधी टिप्पणी के कुछ दिनों बाद, कर्नाटक के गृह मंत्री डा. परमेश्वर ने हिंदू धर्म की उत्पत्ति पर सवाल उठा कर एक और विवाद उत्पन्न कर दिया है।

डॉ. परमेश्वर ने कहा,दुनिया के इतिहास में कई धर्म उभरे हैं। जैन धर्म और बौद्ध धर्म की उत्पत्ति यहीं हुई। हिंदू धर्म की उत्पत्ति कब हुई और इसे किसने बनाया। यह अभी भी एक सवाल है। बौद्ध धर्म की उत्पत्ति हमारे देश में हुई। जैन धर्म की उत्पत्ति हमारे देश में हुई। इस्लाम और ईसाई धर्म विदेश से हमारे देश में आये।

उदयनिधि की विवादास्पद टिप्पणी के बाद, डॉ. परमेश्वर ने कोराटागेरे के मारुति कल्याण मंडपम में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में यह बयान दिया।

इससे पहले, उदयनिधि ने कहा था कि भारत से सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की।

इस बयान ने पूरे भारत में उथल-पुथल मचा दी। उदयनिधि की टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इंडिया ब्लॉक के खिलाफ तीखा हमला बोला और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री व द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन के पुत्र से माफी की मांग की।

## 'संसद के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्राकृतिक आपदाओं द्वारा उत्पन्न स्थिति।

अगर सरकार इन या इनमें से किन्हीं मुद्दों पर चर्चा करना नहीं चाहती है तो यह संभावित हो सकता है कि संसद का यह विशेष सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ जाए।

पाँच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों को मद्देनज़र रखते हुये, यह भी संभावित है कि सत्तारूढ़ गठबंधन एवं विपक्षी दल- दोनों ही राजनैतिक मुद्रा में नज़र आयें। ऐसी भी अटकलें हैं कि विशेष सत्र के दौरान, सरकार "एक राष्ट्र, एक चुनाव" की अपनी योजना को सामने ले आये।

## इंडिया बनाम भारत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

20 के रात्रि भोज हेतु भेजे निमंत्रण में अपना पद परम्परागत "प्रैसिडैंट ऑफ इंडिया" की बजाय "प्रैसिडैंट ऑफ भारत" लिखा और भाजपा ने प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा का एक दस्तावेज साझा किया जिसमें उन्हें "प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत" कहा गया है।

मंगलवार को कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर कहा, "मोदी इतिहास को बिगाड़ने और इंडिया को खंडित करने में जुटे रह सकते हैं जो भारत है और संघीय गणतंत्र है। लेकिन हम विचलित नहीं होंगे। आखिर इंडिया गठबंधन की पार्टियों का उद्देश्य क्या है? यह है "भारत" ब्रिंग हार्मनी, एमिटी, रीकंसीलिएशन एंड ट्रस्ट, हमारा नारा है, जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया।"

थरूर ने मंगलवार को कहा कि हालांकि इंडिया को भारत कहने में कोई संवैधानिक अडचन नहीं है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि सरकार इतनी मूर्ख नहीं है कि इंडिया नाम को पूरी तरह त्याग दे जिसके साथ अमूल्य ब्रांड वैल्यू जुड़ी हुई है।

कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि इंडिया नाम पर ऐतराज पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने किया था क्योंकि इससे आभास होता था कि "यह देश ब्रिटिश राज का उत्तराधिकारी है और पाकिस्तान एक विच्छेदक देश है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कल रात प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा का एक दस्तावेज साझा किया जिसमें उन्हें "प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत" कहा गया है। अब 9 और 10 सितम्बर को जी-20 सम्मेलन में भारतीय अधिकारियों के परिचय पत्र पर भी लिखा होगा "भारत-ऑफिशियल"।

# 'पुतिन और जिनपिंग ना आयें तो भारत को कोई फर्क नहीं पड़ता'

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने, इस प्रकार की टिप्पणी कर जिनपिंग और पुतिन के नहीं आने की बात को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ कर दिया

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत में मंच सज चुका है। 9 और 10 सितंबर दिल्ली के प्रगति मैदान में होने वाले इस शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मेजबान भारत पूरी कोशिश कर रहा है। जी-20 समिट में कई देशों के शीर्ष नेता आ रहे हैं, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी शामिल हैं। वहीं, ये कंफर्म हो चुका है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी प्रेजिडेंट व्लादिमीर पुतिन बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों नेताओं के बारे में बड़ी बातें बोली हैं। उन्होंने कहा कि शी जिनपिंग का न आना कोई असामान्य बात नहीं है, पहले भी कई नेता शिखर सम्मेलनों में ऐसा कर चुके हैं। उधर,

- **जयशंकर ने यह भी कहा कि, सबसे अहम बात यह है कि, जो कोई भी नेता दिल्ली आ रहे हैं कम से कम वे इतने सक्षम होने चाहिये कि, अपने देश की स्थिति को सही ढंग से जी-20 के मंच पर प्रस्तुत कर सकें।**
- **जयशंकर ने कहा, "मुझे विश्वास है कि, दिल्ली आने वाले जी-20 प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को समझेगा...कि दुनिया के अन्य 180 देश दिशा-निर्देश तय करने के लिए उनकी ओर देख रहे हैं और वे उन्हें विफल करने का जोखिम नहीं उठा सकते।"**

पुतिन की तरफ से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भारत आ रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि सम्मेलन में कौन आ रहा है, अहम बात यह है कि वह अपने देश की स्थिति को सही ढंग से पेश कर सके।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साक्षात्कार में कहा, जी20 सदस्यों के शेरपा या देश के प्रतिनिधि आम सहमति बनाने और नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन में एक घोषणा पर पहुंचने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव-जो राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्थान पर शिखर सम्मेलन में मास्को का प्रतिनिधित्व करेंगे-की धमकी को भी अधिक महत्व नहीं दिया कि रूस शिखर सम्मेलन से किनारा कर देगा अगर उसे ऐसा लगे कि समिट में यूक्रेन और अन्य संकटों पर मास्को को गलत दिखाया जाए। जयशंकर ने कहा कि समिट में आने वाला कोई भी देश का प्रतिनिधि अपनी बातचीत की स्थिति को अधिकतम करने की कोशिश करता है।

## सुप्रीम कोर्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गिल्ड के चार सदस्यों के खिलाफ दर्ज दूसरी एक एफ.आई.आर. में मानहानि का अतिरिक्त आरोप लगाया है। रविवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में, गिल्ड ने राज्य में इन्टरनैट बंद कर दिये जाने की कटु आलोचना करते हुये, इसे मीडिया-रिपोर्टिंग के लिये नुकसानदायक बताया था। गिल्ड ने इसकी आलोचना करते हुए कहा था कि कुछ मीडिया-प्रतिष्ठान इकतरफा रिपोर्टिंग कर रहे हैं। गिल्ड ने दावा किया था कि ऐसे संकेत हैं कि राज्य का नेतृत्व संघर्ष काल में "पक्षपातपूर्ण बन गया था।"

## 'उदयनिधि की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उदयनिधि भी लगभग वैसा ही कर रहे हैं ताकि लक्षित लाभ ओ.बी.सी. तथा अनुसूचित जाति व जन जाति को मिल सके। अब उदयनिधि ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सनातन धर्म वालों द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन मे न बुलाने का उदाहरण दिया है।

## गणेश चतुर्थी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा इस संबंध में अपनी चिंता व्यक्त करते हुये, इस बात पर जोर दिया है कि किसी साझा एजेंडा की गैर मौजूदगी के कारण, विशेष सत्र के दौरान, मानसून सत्र के नौ लंबित मुद्दों पर चर्चा की अनुमति प्रदान की जाये।

# सुप्रीम कोर्ट बार-बार ई.वी.एम. की याचिकाओं की सुनवाई करने से नाराज हुआ

## सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण पर गुस्सा जाहिर करते हुये कहा कि, कोर्ट एक ही याचिका पर और कितनी बार सुनवाई करेगा

नई दिल्ली, 6 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के जरिए डाले गए सभी वोटों को वीवीपैट पेपर ट्रेल्स के साथ सत्यापित करने की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसी याचिकाएं हर साल भारत के चुनाव आयोग समान मुद्दों को उठाते हुए दायर की जाती हैं। यहां तक कि भारत के चुनाव आयोग का दावा है कि त्रुटि की किसी भी गुंजाइश को ठीक कर दिया गया है। जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की बेंच ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, हम इस मामले को नवंबर में सूचीबद्ध करेंगे। हम कितनी बार इस मुद्दे से निपटते हैं। इस आधार पर हर साल एक नई याचिका दायर की जाती है। इसके अलावा और भी जरूरी मामले हैं। यह कोई आपराधिक मामला नहीं है।

सुनवाई के दौरान एनजीओ की तरफ से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि चूंकि चुनाव नजदीक आ रहे हैं, इसलिए इसकी तत्काल आवश्यकता है। इस पर पीठ ने कहा, "प्रशांत भूषण जी, यह मुद्दा कितनी बार उठाया जाएगा? इसमें कोई शीघ्रता नहीं है। इसे उचित

- **सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के जरिए डाले गए सभी वोटों को वीवीपैट पेपर ट्रेल्स के साथ सत्यापित करने की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया।**

समय पर आने दीजिए...।" पीठ ने कहा, प्रशांत भूषण ने अनुरोध किया है और उन्हें प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है। याचिका को नवंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें।


एडीआर का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील प्रशांत भूषण ने अदालत को बताया कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत तक होने वाले हैं और उन्होंने जल्द तारीख की मांग की। उन्होंने कहा, इस याचिका को निरर्थक मत बनाइए। यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ तक जाता है। पीठ ने भूषण से कहा, चुनाव आयोग ने एक हलफनामा दायर किया है जहां उसने कहा है कि सभी संभावित त्रुटियों को ठीक कर लिया गया है। हम उचित समय पर इस पर विचार करेंगे। यदि कोई प्रभावी आदेश पारित किया जाना है, तो यह भविष्य के चुनावों पर लागू होगा।

एडीआर ने मतदाताओं की संतुष्टि के लिए संबंधित मतदाता सत्यापन योग्य पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के साथ सभी ईवीएम वोटों के क्रॉस-सत्यापन की मांग की थी। इसका चुनाव आयोग ने विरोध किया, जिसने 124 पन्नों का एक विस्तृत हलफनामा दाखिल किया।

## एन.डी.ए. ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अनिल बलूनी की अध्यक्षता में 11 प्रवक्ताओं का एक पैनल बनाया गया है। इससे पूर्व एन.डी.ए. के घटक दलों के 76 प्रवक्ताओं को एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। मीडिया रणनीति से संबंधित यह विशेष प्रशिक्षण, भाजपा सहित सभी घटक दलों को 11 अगस्त को दिया गया था। प्रवक्ताओं की इस टीम में बलूनी के अतिरिक्त शामिल अन्य लोग हैं-सुधांशु त्रिवेदी, गौरव भाटिया, सम्बित पात्रा तथा शहज़ाद पूनावाला। अन्य पार्टियों के लोगों में शामिल हैं-एन.सी.पी. के बृजमोहन श्रीवास्तव तथा लोक जनशक्ति पार्टी के धीरेन्द्र कुमार मुन्ना। 11 अगस्त को हुई पहली मीटिंग में उपस्थित एक नेता ने "इंडिया" ब्लॉक के लिये प्रयुक्त "घंमडिया" शब्द का उदाहरण दिया था। एन.डी.ए. के पार्टनरों से कहा गया था कि वे अपने बयानों तथा मीडिया डिबेटों में इस शब्द को काम में लें।


**Remembering Our Dearest**

**DR. RAKESH HOOJA**

*A Star Forever Shining*

**Meenakshi Hooja** (Wife),
**Rima Hooja** (Sister),
**Rajat-Himangini**
(Son & Daughter-In-Law)
**Rakshat Hooja** (Son)
**and all Family**

11, Uniara Bagh, Jaipur-302004 (M) 98293-21444, 94133-37959


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908


अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति
के सदस्य तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के
पूर्व अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री
श्री सचिन पायलट जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
राकेश पारीक
विधायक,मसूदा
महेश शर्मा
अध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड
राजस्थान सरकार राज्यमंत्री
प्रशांत सहदेव शर्मा
महासचिव राजस्थान पीसीसी
राजेश चौधरी
महासचिव पीसीसी
सुरेश चौधरी
पूर्व महासचिव पीसीसी
सुशील आसोपा
पूर्व सचिव,प्रदेश कांग्रेस
राजेश कुमावत
पूर्व सचिव प्रदेश कांग्रेस
जैतारण विधानसभा क्षेत्र
विभा माथुर
पूर्व प्रदेश संयोजक, आई टी सेल
राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी
विजय शंकर तिवाड़ी
सदस्य राजस्थान प्रदेश कांग्रेस
प्रभु चौधरी
चैयरमैन, प्रभुजी, डेयरी ग्रुप
नरेन्द्र यादव
पंचायत समिति सदस्य
गोविन्दगढ़
शशि गुप्ता
पूर्व सचिव,महिला कांग्रेस
विद्याधर नगर विधानसभा
भूपेन्द्र आलोरिया
एडवोकेट
बगरू विधानसभा
रामू शर्मा
संयोजक, राज. राज्य पंचायत परिषद,
सांगानेर विधानसभा
हंसराज चौधरी गाता
युवा नेता, मालपुरा-
टोडारायसिंह विधानसभा
कुलदीप राजपुरोहित
पूर्व महासचिव, युवा कांग्रेस
गिरीश पारीक
समाजसेवी
हवामहल विधानसभा
इकरामुद्दीन खान
पूर्व पार्षद, जननि
जितेन्द्र टांक
बैबू चित्तौडगढ़
कमल माहेश्वरी
समाजसेवी
अवधेश पारीक
मसूदा
सांवरमल खटाणा
रामपाली, केकड़ी
"मिले कदम– जुड़े वतन"